'जुबली'
के लिए जीनत अमान
से मिली प्रशंसा से ...
पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 03 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 89 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## झारखण्ड के इतिहास में पहली बार शिक्षा क्रांति में जुड़ा नया आयाम

# 80 उत्कृष्ट विद्यालय का हुआ शुभारंभ

प्रवेश प्रारंभ

325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय | 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- CBSE मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- विज्ञान एवं भाषा लैब्स
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड












PR No. 296374 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# मारपीट मामले में मांगी रिपोर्ट

## आयोग की जांच में प्रथमदृष्टया दोषी पायी गई हैं तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लगाया था आरोप





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह पुलिस हाजत में मारपीट के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पायी गई हैं। मीरा सिंह व तुपुदाना पुलिस के अन्य कर्मियों के खिलाफ मारपीट के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में 23 जनवरी को शिकायत की थी। उन्होंने चोरी के संदेह में विकास कुमार गुप्ता नाम के युवक को तुपुदाना ओपी ले जाकर मारपीट करने की शिकायत की थी। आयोग ने इस मामले में 28 अप्रैल को सुनवाई की थी। जिसके बाद आयोग ने रांची के डीसी व एसएसपी से दोषी पुलिसकमियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) मांगी है।

**चार सप्ताह में रिपोर्ट दायर करने का दिया था निर्देश :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रांची के डीसी व एसएसपी को इस मामले में फरवरी माह में ही निर्देश दिया था कि वह दोषी पुलिसकर्मियों से जुड़ी कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को दें। लेकिन डीसी- एसएसपी के द्वारा इस संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई। जिसके बाद आयोग ने अधिकारियों को रिमाइंडर भी भेजा था। इस मामले में पांच मई को आयोग में पुनः सुनवाई होनी है।

**विवादों से मीरा का नाता, विभागीय जांच लंबित :** तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। खूंटी में महिला थाना प्रभारी रहते हुए एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। जेल से छूटने के कुछ माह बाद मीरा की पोस्टिंग रांची जिला में हो गई थी। जिसके बाद उन्हें तुपुदाना ओपी प्रभारी बनाया गया। 10 जनवरी को चोरी के संदेह में विकास कुमार को थाने लाकर मारपीट के मामले में मामला हाईकोर्ट में भी चल रहा है। इस मामले में रांची पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर मीरा सिंह के खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। हालांकि जांच अभी तक लंबित है। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## विष्णु अग्रवाल के सामने राजेश और भरत से होगी पूछताछ

**रांची।** रांची जमीन घोटाले में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की डील को लेकर रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल के सामने राजेश राय, लखन सिंह और भरत प्रसाद को बैठाकर पूछताछ की जाएगी। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को आठ मई को रांची जोनल आफिस में उपस्थित होने का समन भेजा था, अब आठ मई को ही राजेश राय, लखन सिंह और भरत प्रसाद को ईडी ने समन देकर तलब किया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी कागजात से किए जाने के मामले में सभी को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी, इस दौरान जमीन की खरीद बिक्री में किसे कितने पैसे मिले, इसकी जांच की जाएगी। विष्णु अग्रवाल को छोड़ बाकि तीनों आरोपियों के ठिकानों पर ईडी ने 13 अप्रैल को छापेमारी की थी।

# जिला निर्वाचन शाखा के प्रधान लिपिक बीजा टोप्पो सेवानिवृत्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को जिला निर्वाचन शाखा के प्रधान लिपिक श्री बीजा टोप्पो की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन शाखा में आयोजित समारोह में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्रीमती मेरी मड़की एवं अन्य पदाधिकारी/ कर्मियों ने श्री बीजा टोप्पो को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्रीमती मेरी मड़की सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने श्री बीजा टोप्पो के साथ अपने कायार्नुभव साझा किये।

## डीएवी कपिलदेव के 22 बच्चों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की

**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची के 22 बच्चों ने जेईई की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एडवांस परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है। डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची के 22 बच्चों ने जेईई मेन्स परीक्षा में अच्छे रैंक हासिल किये हैं। 9 9. 29 परसेंटाइल के साथ राहुल राज,96.83 परसेंटाइल के साथ अमन कुमार, 91.42 परसेंटाइल के साथ अभिजीत सिंह, 82.86 परसेंटाइल के साथ काव्या महतो,81.37 परसेंटाइल के साथ सतीश कुमार मेहता, तथा 80.47 परसेंटाइल के साथ माही आनंद ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है ।

## छात्रों का मेडिकल चेकअप हुआ



**रांची।** झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण आयोग, रांची एवं ज़िला प्रशासन रांची के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजकीयकृत आदर्श विद्यालय पंडरा रांची में स्कूली बच्चों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1000 बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानियों, बिमारियों एवं अस्थमा सहित उनके द्वारा प्रगट लक्षणों के आधार पर जांच की गयी एवं उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को संधारित करते हुए आवश्यक परामर्श/ दवाएं दी गयीं। इस विशेष स्कूली शिविर में आयोग के प्रतिनिधि के रूप में उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, प्रियरंजन कुमार, विधि शाह, दुर्गा शंकर एवं अन्य अधिकारी, ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी रांची वेद प्रकाश तिवारी एवं कई चिकित्सक व मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों की सहभागिता से यह शिविर बेहद कामयाब एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के निमित परिणामोन्मुखी रहा है।

# सब्जी विक्रेताओं का सर्वे शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम द्वारा लालपुर चौक से कोकर तक सड़क किनारे के सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराने के लिए आज मंगलवार से तीन दिवसीय सर्वे शुरू किया गया सर्वे गुरुवार तक चलेगा। इस सर्वे रिपोर्ट को पहले से बनी सूची से मिलाया जायेगा। जानकारी के अनुसार जो भी विक्रेता नियमित रूप से दुकान लगा रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। इससे पहले 11 अप्रैल को लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक सड़क किनारे मांस-मछली बेचनेवाले दुकानदारों को मार्केट में शिफ्ट किया गया है। इस क्रम में निगम अब सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराने की तैयारी में है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि लालपुर से कोकर तक लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है इसी कडी में आज सब्जी विक्रेताओं का सर्वे शुरू किया गया है। सर्वे के बाद सडक किनारे के इन विक्रेताओं को जगह दी जायेगी।

## सब्सिडी पेपर की विशेष परीक्षा आयोजित की जाए : अमन अहमद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को रांची जिला एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविध्यालय के कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप से छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष मो. हुसैन अंसारी उपस्थित हुए। कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की सत्र 20-23 के विद्यार्थियों का कॉलेज प्रशासन की लापरवाही से महाविधालय के कई छात्र-छात्रों का परीक्षा छूट गया है या किसी विषय में कम अंक आया है और अब वैसे छात्र अंतिम परीक्षा देने में असमर्थ है, इससे पहले भी जब मारवाड़ी कॉलेज अटॉनमस था तो विशेष परिक्षा ली गई है ऐसी स्तिथि में। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रांची विश्वविध्यालय प्रशासन से यह मांग किया की छात्रहित को मद्देनजर रखते हुए सत्र 2020-23 के विद्यार्थियों का पहली से पांचवीं सेमेस्टर तक में ऑनर्स पेपर को छोड़ कर जो भी परीक्षा छूटा है या कम अंक आए हैं, उनको पुनः परीक्षा देने की अनुमति प्रदान करें ताकि वो आगे की पढ़ाई जारी कर सके। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं महाविधालय विद्यार्थी विवि प्रशासन का सदा आभारी रहेंगे। मौके पर उपस्थित जिला महासचिव पवन कुमार, जिला सचिव आशिक अंसारी, अनुज शर्मा, मारवाड़ी कॉलेज अध्यक्ष तालिब हुसैन, डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष साहिल सिद्दीकी, मारवाड़ी उपाध्यक्ष नैना लकड़ा, आलिया, महासचिव शादमान, वोमेंस कॉलेज से समीरा खान आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एक्सआईएसएस का 62वां दीक्षांत समारोह छह को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) का 62वां दीक्षांत समारोह 6 मई को शाम 4 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें बैच 2021-2023 के 253 स्नातक विद्यार्थी, अपना पीजीडीएम प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे। मनीष शर्मा, चेयरमैन, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया एंड साउथ एशिया, समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस वर्ष का फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल अवार्ड, प्रतिष्ठित एलुमनाई अवार्ड- सौम्य मुखर्जी, निदेशक, एशिया पैसिफिक लीडर, ग्लोबल ट्रान्सफर प्राइसिंग सेंटर, डेलोइट हैस्किंस एंड सेल्स एलएलपी, फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्रोग्राम के 2005-07 बैच को दिया जाएगा। समारोह में बैच 2021-23 के 253 विद्यार्थी डिप्लोमा प्राप्त करेंगे, जबकि सभी चार प्रोग्राम के 22 शीर्ष रैंक धारकों को पदक और 5 विद्यार्थी को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 24 विद्यार्थियों के बीच 7.2 लाख रुपए की संस्थागत स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। इनमें फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप मेधावी विद्यार्थियों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के विद्यार्थियों के समग्र प्रदर्शन के लिए शामिल है। 15 वर्ष और अधिक, 20 वर्ष और उससे अधिक, और 25 वर्ष और उससे अधिक की सेवा की तीन श्रेणियों के तहत 34 शिक्षक व कर्मी के लिए एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।


**खूँटी अधिसूचना क्षेत्र समिति का कार्यालय,पंचायत, खूँटी**

E-mail ID-npkhunti2006@gmail.com

पत्रांक–660 दिनांक.– 29.04.2023

**आम सूचना, शुद्धि पत्र**

शजमुवादाग किफायती आवास परियोजना, खूँटी

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है, दिनांक 30.04.2023 के विज्ञापित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक तृतीय (जमुवादाग किफायती आवास परियोजना, खूँटी) में G+3 संरचना के आवंटन स्थल **नगर भवन** खूँटी को परिवर्तित कर कार्यक्रम स्थल **कन्या विद्यालय खूँटी सभागार में दिनांक 03.05.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा।**

PR 296344 Urban Development(23-24)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत खूँटी

**हजारीबाग नगर निगम,हजारीबाग**

**आम सूचना**

झारखड नगरपालिका जल कार्य,जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली, 2020''के धारा 18 के तहत् हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी लोंगों को सूचित किया जाता है कि (i) कोई व्यक्ति/अध्यासी/परिसर स्वामी जल बर्बादी नही होने देगा तथा अपने परिसर में जलापूर्ति के लिये नलो, निर्माणो या जुडनारो या जुडनारों को बिगडी हालात में नही रहने देगा, जिससे कि जल की बर्बादी हो। (ii) अध्यासी/स्वामी द्वारा मीटर/आपूर्ति नल के साथ छेडछाड नही करेगा तथा जल का विक्रय नही करेगा। मीटर/आपूर्ति नल खराब होने की स्थिति में रजिस्टर्ड पलम्बर से ही मरम्मति करवाएगा। (iii) कोई भी व्यक्ति हजारीबाग नगर निगम के किसी भी पाईप लाईन से या सरकारी नल से मोटर लगाकर या अन्य युक्ति से अवैध रूप से न जल निकालेगा न दिशान्तिरत करेगा या न लेगा। यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित नियमो का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 208, कंडिका–4 के तहत् उस पर दस हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा।

नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 296309 (Urban Development and Housing)23-24*D

**Government of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Division, Khunti**
**Email Id:- eedwsd.khunti@gmail.com**

**Very Short Tender Notice**

Tender Reference No.–DWSD/KH-02/2023-24 Date-03.05.2023

| Sl. No. | Name of Work (Funded by SCA) | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी०आर०पी०एफ० कैम्प, उलिहातु में आर०सी०सी० सम्प का निर्माण कार्य। | 4,03,729.00 | 8,100.00 | 1250.00 | 03 Months |
| a | Date of Publication Tender | 04.05.2023 upto 11:00 A.M. | | | |
| b | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 04.05.2023/11:00 A.M. to 10.05.2023 upto 02:00 PM | | | |
| c | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 11.05.2023/ 01:00 PM to 02:00 PM | | | |
| d | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| e | Date of Opening of Tender | 11.05.2023/ 04:00 PM | | | |
| f | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| g | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| h | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |

विस्तृत जानकारी प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट/प्रमंडलीय कार्यालय अथवा वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

–:: जल ही जीवन है ::–

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,खूँटी

PR 296352 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

**e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer,**
**Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice**

**(Very Shorty Notice)**

Tender Ref. No.-BCD/SECNC/06/Building Div. Khunti/2023-24-Date:-02.05.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Decorative Work and Supplying of Furnishing Equipment's and Decorative Articles at Circuit House, Khunti, Dist.- Khunti for the Year 2023-2024 | Rs. 89,53,400.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06-05-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 11-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 12-05-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 12-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430142411/8987663716 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.**

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR 296340 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24).D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची**
**मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002**
**Email- jepranchi@gmail.com "समग्र शिक्षा अभियान"**

**राँची जिले के पाँच उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) में सी.बी.एस.ई (CBSE) पाठ्यक्रम पर शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राँची जिल के पाँच विद्यालय यथा टी.बी.एस उच्च विद्यालय, जगरनाथपुर, राँची, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, राँची, राजकीय बालिका प्लस 2 उच्च विद्यालय, बरियातु, राँची, मॉडल स्कूल, काँके एवं कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, नामकुम उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में घोषित है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से सी.बी.एस.ई पाठ्यक्रम पर अंग्रेजी माध्यम में पठन पाठन का कार्य किया जाएगा। उक्त विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में नामांकन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। विद्यलायवार/कक्षावार नामांकन हेतु सीटों की संख्या निम्नवत् है :–

| कमांक | उत्कृष्ट विद्यालय का नाम | कोटि | नामांकन हेतु कक्षावार उपलब्ध सीटो की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ग–06 | वर्ग–07 | वर्ग–08 | वर्ग–09 | वर्ग–11 (Arts) | वर्ग–11 (Science) | वर्ग–11 (Commerce) |
| 1 | टी.बी.एस उच्च विद्यालय, जगरनाथपुर, राँची | बालक/बालिका | 40 | 32 | 15 | 80 | 80 | 0 | 0 |
| 2 | अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, राँची | बालक | 80 | 65 | 48 | 13 | 80 | 80 | 40 |
| 3 | राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, बरियातु, राँची | बलिका | 80 | 0 | 0 | 0 | 120 | 40 | 40 |
| 4 | कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, नामकुम | बलिका | 25 | - | - | - | - | - | - |
| 5 | मॉडल स्कूल, काँके | बालक/बालिका | - | - | - | - | 40 | 40 | 40 |

आवश्यक शर्ते :–

1. नामांकन हेतु विस्तृत विवरणी एवं आवेदन पत्र कार्यालय के अधिकृत वेवसाईट www.dseranchi.com से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय के विद्यालय अवधि में समर्पित करने की अंतिम 15.05.2023 होगी। निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगें।
3. नामांकन हेतु बच्चों की लिखित परीक्षा, विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी जिसके परीक्षाफल के आधार पर बच्चों का चयन किया जाएगा।
4. नामांकन से संबंधित प्रकिया में संशोधन से संबंधित अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित होगा एवं जिला चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

"सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा"

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची

PR.NO.296323 Human Resource Developement(23-24):D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

प्रपत्र VII

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना बरकट्ठा से तेतरान पथ के कि0मी0 00.00 से कि0मी0 32.10 तक चौडीकरण/मजबूतीकरण हेतु ग्राम–रागडीह, थाना–चलकुशा, थाना–सं0–10, अंचल–चलकुशा, जिला–हजारीबाग में कुल 1.669 एकड़ यानि 0.6757 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 1.669 एकड़ यानि 0.6757 हेक्टेयर है और जो ग्राम–रागडीह, थाना–चलकुशा, थाना–सं0–10, अंचल–चलकुशा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 27 | 65 | निजी | रैयती टांड | 0.045 | निहाल महतो पिता बानु महतो ग्राम–रागडीह बनाम उमाषंकर राम वगै0 पिता तालेवर राम ग्राम–कटिया | झारखण्ड सरकार | रामकिशुन महतो | सड़क | नीज |
| 2 | 20 | 66 | निजी | रैयती टांड | 0.274 | जुमन मियॉं वगै0 पिता भोला मियॉं ग्राम–रागडीह | झारखण्ड सरकार | रामकिशुन महतो | नीज | नेहाल महतो |
| 3 | 26 | 67 | निजी | रैयती टांड | 0.40 | रामकिशुन महतो पिता गुजर महतो ग्राम–रागडीह | जुमन मियॉं | झारखण्ड सरकार | नीज | नीज |
| 4 | 17 | 69 | निजी | रैयती टांड | 0.186 | समीम अंसारी पिता दुलो मियॉं वो खुबलाल यादव वगै0 ग्राम–रागडीह | झारखण्ड सरकार | रहमान खान | नीज | नीज |
| 5 | 8 | 70 | निजी | रैयती टांड | 0.337 | रहमान खान वगै0 पिता शेख चमन खान व दिला खान पिता रोजन शेख, ग्राम–रागडीह | समीम अंसारी | झारखण्ड सरकार | नीज | नीज |
| 6 | 4 | 496 | निजी | रैयती टांड | 0.115 | खलील मियॉं पिता गेन्दों मियॉं ग्राम–रागडीह | झारखण्ड सरकार | इब्राहिम मियॉं | नीज | झारखण्ड सरकार |
| 7 | 31 | 497 | निजी | रैयती टांड | 0.244 | इब्राहिम मियॉं पिता मोहन मियॉं ग्राम–रागडीह | खलील मियॉं | झारखण्ड सरकार | नीज | झारखण्ड सरकार |
| 8 | 12 | 498 | निजी | रैयती टांड | 0.068 | करीम मियॉं पिता सोमर मियॉं ग्राम–रागडीह | झारखण्ड सरकार | झारखण्ड सरकार | नीज | झारखण्ड सरकार |
| कुल | | | | | 1.669 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–

ग्राम–रागडीह, थाना–चलकुशा, थाना–सं0–10, अंचल–चलकुशा, जिला–हजारीबाग में 1.669 एकड़ यानि 0.6757 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त,हजारीबाग

PR 296255 (Land Reforms)23-24*D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



'जुबली' के लिए जीनत अमान से मिली प्रशंसा से ...
पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 03 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 89 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया उर्फ रोड़े एके-47 के साथ गिरफ्तार हो गया। खूंटी एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की सुखराम गुड़िया को रविवार को तपकरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। सुखराम गुड़िया की निशानदेही पर सोमवार को पुलिस ने कई हथियार बरामद किये। पुलिस ने लोडेड एके 47, 24 जिंदा कारतूस, 16 मोबाइल फोन और एक लाख 73 हजार 700 रुपये बरामद किये हैं। इसके अलावा पुलिस ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का जर्मन राइफल एचके 33 भी बरामद किया है।

### ललन सिंह मिले हेमंत सोरेन से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सदस्य राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### मिनी ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में एक की मौत

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाड़ी गांव के पास बाइक और मिनी ट्रक की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। सोमवार की देर रात सड़क लटदाग गांव के रहने वाले दो युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक मिनी ट्रक से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक बिजेंदर गंझु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### महात्मा गांधी के पोते अरुण मणिलाल गांधी का निधन

**कोल्हापुर।** सुशीला और मणिलाल गांधी के बेटे और महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का मंगलवार सुबह महाराष्ट्र के कोल्हापुर में निधन हो गया। उनके बेटे ने यह जानकारी दी। वह 89 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनके बेटे तुषार, बेटी अर्चना, चार पोते और पांच परपोते हैं। उनका अंतिम संस्कार यहां, कोल्हापुर में कर दिया गया। उन्होंने बेथानी हेगेडस के साथ 'कस्तूरबा, द फॉरगॉटन वुमन', 'ग्रैंडफादर गांधी' और इवान तुर्क द्वारा सचित्र, 'द गिफ्ट ऑफ एंगरः एंड अदर लेसन फ्रॉम माई ग्रैंडफादर महात्मा गांधी' आदि किताबें लिखीं।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह, सीएम बोले

# 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति इसी माह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। वैसे तो राज्य में हजारों की संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति किया जाना प्रस्तावित है परंतु इस महीने के अंत तक 25 हजार नवनियुक्त शिक्षक राज्य के विभिन्न स्कूलों में पठन-पाठन के कार्य को सुदृढ़ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ हुआ है। आने वाले समय में झारखंड में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शिक्षा में नया आयाम जोड़ने की कोशिश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमने शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश की है। हमारी सरकार ने वर्षों से लंबित पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया है। शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार समय की मांग है। आज प्रतियोगिता का दौर है। प्रतियोगिता के इस दौर में राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो जी, जो अब हमारे बीच नहीं हैं।

### स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका अहम

**सीएम** ने कहा कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई अड़चनें, कई बाधाओं की वजह से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई। इस समस्या का समाधान निकाला जा चुका है। इस माह के अंत तक में लगभग 25 हजार की संख्या में शिक्षकों की बहाली होगी, स्कूलों में पदस्थापित होकर बच्चों को शिक्षा देंगे। स्कूलों के संचालन के लिए स्कूल के अंदर एक प्रबंधन समिति है। उन सभी से आग्रह है कि वे भी उत्कृष्ट विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के लिए अहम भूमिका निभाएं।

## शरद पवार ने एनसीपी के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पवार देश के शीर्ष विपक्षी नेताओं में से एक हैं और महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार बनाने में इनकी अहम भूमिका रही थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, रक्षा और केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में काम कर चुके पवार ने 2019 के महाराष्ट्र विस चुनाव के बाद एमवीए सरकार बनाने के लिए एनसीपी, कांग्रेस और वैचारिक रूप से अलग नजरिया वाली शिवसेना को एक साथ लाने में का काम किया था और बीजेपी को सत्ता से बाहर रखा था। गौरतलब है कि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने ठीक 15 दिन पहले कहा था कि आने वाले 15 दिनों में 'दो बड़े राजनीतिक विस्फोट' होने वाले हैं। संवाददाताओं से बात करते बुए सुप्रिया सुले ने कहा था कि एक (विस्फोट) दिल्ली में और एक महाराष्ट्र में होगा। आप जानते हैं कि मैं वास्तविकता में जीती हूं। यदि आप मुझसे आज के बारे में पूछें, तो मैं आपको बता सकती हूं। मुझे नहीं पता कि 15 दिन बाद क्या हो रहा है। पार्टी प्रमुख के रूप में उनकी जगह कौन लेगा, इस पर अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है।

## चिनिया में मासूम बच्ची की हत्या

### शव को बालू में गाड़ दिया था

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव के बूढीटाड गांव के जंगलों में चिनिया पुलिस ने एक पांच साल की बच्ची का बालू में गाड़ा गया शव बरामद किया है। बच्ची की पहचान बूढी तालगांव निवासी संतलाल सिंह की बेटी घूसी कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों को आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। इस घटना को लेकर इलाके के लोग नाराज हैं। पूरे गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह से ही घुसी कुमारी घर से गायब थी। परिवार वालों ने काफी खोजबीन की। सोमवार को परिजनों ने उसकी तलाश जंगल क्षेत्र में की। बूढीटाड के कारीमाटी के जंगल में उन्हें बालू में गड़ा हुआ घुसी कुमारी का शव मिला। चिनिया थाना के प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि बच्ची की हत्या कर शव को बालू में गाडा गया था। उसे बरामद कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इस बीच, पुलिस ने शक के आधार पर एक आरोपी को पकड़ा है और उससे पूछताछ की जा रही है।

गांव वालों का कहना है कि हत्या के पूर्व बच्ची के साथ बलात्कार करने की आशंका है। बच्ची के हाथ गमछे से बांध दिये गए थे। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। अदेशा है कि बच्ची की जघन्य रूप से हत्या की गई है। उसके साथ बलात्कार किया गया या नहीं, इस बारे में पुलिस ने कुछ नहीं कहा।

### बलात्कार का एंगिल

**ग्रामीणों** का कहना है कि संभवतः बच्ची की हत्या के पहले उसके साथ बलात्कार कयिा गया है। उनकी दलील थी कि बच्ची के कपड़े फटे हुए थे। लेकिन, कोई भी इसे कन्फर्म नहीं कर रहा। अब यह पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि बच्ची के साथ बलात्कार हुआ था या नहीं। बच्ची के परिजनों ने बलात्कार से संबंधित बात नहीं कही है।

### पहली घटना

**इस** तरह की घटना क्षेत्र में पहली बार हुई है, जिसमें बच्ची की हत्या करने के बाद शव को बालू में गाड़ दिया गया हो। इससे पता चलता है कि हत्यारा विक्षिप्त मानसिकता का रहा होगा।

## राहुल को राहत नहीं फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। अहमदाबाद**



गुजरात हाईकोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी मोदी सरनेम को लेकर सूरत कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। सूत्रों के अनुसार गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि उन्हें किसी तरह से राहत नहीं दी जा सकती है। हम इस मामले को लेकर गर्मी की छुट्टी के बाद फैसला सुनाएंगे। राहुल गांधी ने सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ 25 अप्रैल को गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया था।

गौरतलब है कि सूरत कोर्ट के इस फैसले के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। संसद सदस्यता रद्द किए जाने के कुछ दिन बाद ही राहुल गांधी को दिल्ली में अपना सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। बंगला खाली करते समय राहुल गांधी ने कहा था कि वो सिर्फ सच बोलने की कीमत चुका रहे हैं और वो आगे भी ऐसे ही सच बोलते रहेंगे। भले ही उन्हें इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

## मुजफ्फरपुर के तीन घरों में आग लगने से 4 बच्चियों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात तीन घरों में आग लग गई। इस घटना में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु स्टेशन के निकट रात करीब एक बजे एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में लिया। आग लगने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद अग्निशमन दस्ते को बुलाया गया, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में घर में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान नरेश राम की पुत्री सोनी कुमारी (15), अमृता कुमारी (12), कविता कुमारी (8) और शिवानी कुमारी (6) के रूप में हुई है।

## कोयला तस्करी रोकने के लिए टास्क फोर्स करे छापेमारी : डीजीपी

### राज्य भर में न्यायालयों व जजों की सुरक्षा बढ़ेगी

### डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी डीआईजी के साथ की वीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में कोयला चोरी रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई का निर्देश डीजीपी अजय कुमार सिंह ने दिया है। राज्य पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, रामगढ़ और लातेहार में कोयला चोरी से संबंधित कांडों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि वह कोयला चोरी से जुड़े कांडों का त्वरित निष्पादन करें। कोयला चोरी रोकने के लिए टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई का निर्देश भी डीजीपी ने दिया। इससे पहले डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता ने कोयला चोरी के लंबित कांडों की स्थित तथा चोरी रोकने के लिए टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान रांची रेंज के पांच जिलों रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला व लोहरदगा के पुराने लंबित कांडों की भी समीक्षा कर त्वरित कारवाई का निर्देश दिया। उन्होंने नक्सल, हत्या, साइबर अपराध, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट, वाहन चोरी, एनडीपीएस व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंतजार खत्म, दस से चलेगी रांची-पटना वंदे भारत

**रांची।** रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 10 मई से चलेगी। रेलवे ने आठ कोच वाली रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन हजारीबाग होते हुए चलाने की तैयारी की है। रांची-पटना जन शताबदी एक्सप्रेस जहां सात घंटे में दूरी तय करती है, वहीं रेलवे बोर्ड की कोशिश है कि वंदे भारत ट्रेन छह घंटे में दूरी तय करे। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार अगर कोई तकनीकी समस्या नहीं आई तो 10 मई से इसे चलाने की तैयारी है। कोशिश यह है कि हावड़ा-भुवनेश्वर और रांची-पटना वंदे भारत एक साथ शुरू होंगी। दोनों ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। रांची रेल डिवीजन को तैयारियों का जायजा लेने कहा गया है। रांची डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का मेंटेनेंस हटिया यार्ड में होगा क्योंमकि यार्ड को उसके अनुसार ही मॉडिफाई किया गया है।

## बोकारो में बच्चा सिंह सहित तीन लोगों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**




बोकारो थर्मल एवं महुआटांड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रांची एनआईए की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में बेरमो एवं बोकारो के विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में जवान शामिल थे। रांची एनआईए की टीम सबसे पहले बोकारो थर्मल निशन हाट स्थित मजदूर संगठन समिति के केंद्रीय महासचिव बच्चा सिंह के आवास संख्या एचएमडी 50 एवं नागेश्वर महतो के आवास संख्या एचएमडी 36 ए सहित निशन हाट झोपड़पट्टी स्थित संजय तुरी के निजी आवास पर एकसाथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीनों के आवासों को चारों तरफ से सैट के जवानों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने घेर रखा था। नागेश्वर महतो के आवास पर ताला बंद रहने के कारण टीम बाहर बैठकर इंतजार कर रही थी। बाद में समिति के सदस्य रामचंद्र महतो के आने पर टीम के पदाधिकारियों से बात हुई और रामचंद्र महतो ने एक अन्य व्यक्ति को साथ लाकर नागेश्वर महतो के आवास का ताला तोड़कर आवास में प्रवेश किया। छापेमारी के दौरान एनआईए टीम ने मजदूर संगठन समिति के केंद्रीय महासचिव के आवास से दो मोबाइल, कुछ पम्फलेट, कागजात एवं बैनर, पोस्टर जब्त किया। नागेश्वर महतो के आवास से उसकी पत्नी और बेटी के दो बैंक पासबुक और पंपलेट, कागजात जब्त किए। संजय तुरी के आवास से एक मोबाइल, पम्फलेट और कागजात जब्त कर टीम अपने साथ ले गयी। एनआईए की टीम में शामिल पदाधिकारियों ने पूछे जाने पर कहा कि एनआईए की टीम छापेमारी में शामिल है। मामले को लेकर पूछे जाने पर कुछ भी बताने से इंकार किया और कहा कि रांची मुख्यालय से इस संबंध में जानकारी हासिल कर सकते हैं। दूसरी ओर छापेमारी में शामिल चौथी टीम महुआटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अइयर निवासी अनिल हांसदा के घर पर खबर लिखे जाने तक छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर बोकारो थर्मल थाना के निरीक्षक शैलेश कुमार चौहान सहित बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने भी पूछे जाने पर कुछ भी बता पाने में असमर्थता जताई।

**आधार सुविधा** यूआईडीएआई ने दी अनुमति, अब लोगों की चिंता होगी दूर

# अब ईमेल व मोबाइल नंबर वेरिफाई होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




उपयोगकर्ता के लाभों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निवासियों को अपने आधार से जुड़े अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को वेरिफाई करने की अनुमति दी है। यूआईडीएआई के संज्ञान में आया था कि कुछ मामलों में निवासियों को पता नहीं था कि उनके कौन से मोबाइल नंबर उनके आधार से जुड़े हैं। इसलिए निवासी चिंतित थे कि कहीं आधार ओटीपी किसी और मोबाइल नंबर पर तो नहीं जा रहा है। आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अब इस सुविधा से निवासी आसानी से इनकी जांच कर सकते हैं। यह सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर या एमआधार ऐप के माध्यम से 'वेरिफाई ईमेल/मोबाइल नंबर' फीचर के तहत ली जा सकती है। यह निवासियों के लिए यह वेरिफाई करने के लिए विकसित किया गया है कि उनका अपना ईमेल या मोबाइल नंबर संबंधित आधार के साथ जुड़ा हुआ है। सूत्रों ने आगे बताया कि यह सुविधा निवासियों को पुष्टि करती है कि उनकी जानकारी के तहत ईमेल या मोबाइल नंबर केवल संबंधित आधार से जुड़ा हुआ है। किसी विशेष मोबाइल नंबर के लिंक न होने की स्थिति में भी यह निवासी को सूचित करता है और निवासियों को सूचित करता है कि यदि वे चाहें तो मोबाइल नंबर को अपडेट करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। यदि मोबाइल नंबर पहले से ही वेरिफाइड है तो निवासियों को एक मैसेज दिखाई देगा जैसे, 'आपके द्वारा दर्ज किया गया मोबाइल नंबर पहले से ही हमारे रिकॉर्ड से सत्यापित है' जो उनकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है। यदि किसी निवासी को मोबाइल नंबर याद नहीं है, तो उसने नामांकन के दौरान दिया है या वह माई आधार पोर्टल या एम-आधार ऐप पर वेरिफाई आधार फीचर पर मोबाइल के अंतिम तीन अंकों की जांच कर सकता है। यदि कोई निवासी किसी ईमेल या मोबाइल नंबर को आधार से लिंक करना चाहता है या अपना ईमेल या मोबाइल नंबर अपडेट करना चाहता है, तो वह नजदीकी आधार केंद्र जा सकता है।

## हाईकोर्ट ने पूछा, विस में नमाज कक्ष का आवंटन किस आधार पर हुआ?

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड विस में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका पर सुनवाई की। साथ ही मौखिक रूप से पूछा है कि यह व्यवस्था किस आधार पर की गई। मामले में झारखंड विस की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों के विस से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन किन राज्यों के विस में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। हाई कोर्ट ने मामले में झारखंड विस को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।

## वैभव मणि त्रिपाठी से ईडी ने नौ घंटे की पूछताछ

### कोलकाता से फर्जी कागजातों पर रजिस्ट्री की पहलुओं पर जांच तेज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में ईडी जमीन घोटाले की परत दर परत उतार रही है। ईडी ने सोमवार को रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से नौ घंटे से अधिक पूछताछ की।

### त्रिपाठी से ईडी ने हासिल किए कई कागजात

ईडी ने एक मई को वैभव मणि त्रिपाठी को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान ईडी ने वैभव मणि त्रिपाठी से सेना जमीन से लेकर चेशायर होम व बजरा में जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में सवाल पूछे। कई जमीनों की रजिस्ट्री वैभव मणि के कार्यकाल के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


### कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा ईडी कार्यालय पहुंचे

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड की



जमीन के मूल दस्तावेज में कोलकाता में की गयी जालसाजी को लेकर त्रिदीप मिश्रा को ईडी ने समन जारी किया था। जमीन घोटाले मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया था कि दोनों ही जमीन की खरीद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मंदिर का सप्तम स्थापना दिवस समारोह वैशाख शुक्ल एकादशी सोमवार 1 मई 2023 को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में कोलकाता से विशेष रूप से कारीगरों को बुलाकर मंदिर परिसर को सजाया गया था विशेष श्रृंगार के लिए विभिन्न प्रकार के फूलों जिसमें लाल गुलाब सफेद गुलाब पीला गुलाब पर्पल आर्किड सफेद आर्किड ब्ल्यू आर्किड बेली रजनीगंधा तुलसीदल लाल गेंदा पीला गेंदा से बाबा श्याम का मनोहरी श्रृंगार किया गया। स्थापना समारोह का प्रारंभ प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रृंगार किया गया व 8:30 बजे श्रृंगार आरती करके भोग अर्पित किया गया। दोपहर बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर नवीन विशेष सजावट की गई। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी अन्नपूर्णा सराओगी ने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मंडल के सदस्यगण श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा पवन शर्मा अनुज मोदी गौरव अग्रवाल मोनू साकेत ढानढनिया ने अलग-अलग सभी देवी देवता और गुरुजनों के भजनों का गायन किया। इसके बाद कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक बालकिशन शर्मा और पूजा पारीक ने अपने सहयोगियों के साथ श्री श्याम दरबार में भजनों का गायन कर रिझाया। स्थापना दिवस समारोह की तैयारी का दायित्व महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उपमंत्री अनिल नारनोली संजय सराफ पंकज गाड़ोदिया दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा रोशन खेमका अरविंद सोमानी विशाल पोद्दार अभिषेक सराओगी रोनक पोद्दार रतन शर्मा आदि को दिया गया था । इस अवसर पर विशेष केसरिया पेड़ा ओमप्रकाश छावनीका रबड़ी प्रसाद अन्नपूर्णा सराओगी मगही पान प्रसाद सुभाष रौनक पोद्दार फल प्रसाद स्नेह पोद्दार पंचमेवा प्रसाद तीन भगतो द्वारा जिसमें यूबी वर्णवाल अमित जोशी मुकेश शर्मा गिरी गोला सेवा संतोष पोद्दार द्वारा निवेदित किया गया था। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया सभी श्याम भक्तों ने स्थापना दिवस समारोह में आकर अपनी मनोकामना पूर्ण हो ऐसी अरदास बाबा से लगाई । ज्ञातव्य है कि 2017 में मई माह में श्री श्याम मंदिर का उद्घाटन हुआ था। हजारों भक्तों ने मंदिर आकर अपनी हाजिरी लगाई ।

**48 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ :** मंगलवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 48 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया ।मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने भक्तों के साथ मिलकर पाठ किया।

## अस्थमा दिवस के अवसर पर कैम्प का किया आयोजन

**रांची।** मंगलवार को उज्जवल प्रकाश तिवारी, सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण आयोग के प्रयास से विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर पंडरा मध्य विद्यालय में नामांकित बालक/ बालिकाओं के स्वास्थ्य जाँच हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों एवं पारा चिकित्सा कर्मी द्वारा बालक/बालिकाओं के विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य की जाँच की गयी। सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा यह एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें राँची जिले के विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों में नामांकित बालक/बालिकाओं के स्वास्थ्य जांच विशेष डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। राज्य के हर बालक/बालिकाओं को स्वास्थ्य जीवन जीने का अधिकार है।

# मजदूर दिवस के अवसर पर मशाल जुलूस निकाला गया




**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
छोटामुरी बाजार में रेलवे परिक्षेत्र में स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन मुरी शाखा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मजदूर दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि तथा उनकी वेदी पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात संध्या में मशाल जुलूस वीर शहीदों की याद में निकाला गया जिसका नेतृत्व दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन मुरी शाखा के सेक्रेटरी श्री गुरु पदों महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान श्री महतो ने कहा कि मजदूरों का शोषण बंद होना चाहिए। जुलूस के दौरान यूनियन के लोगों ने दुनिया के मजदूर एक हो, तमाम वीर शहीदों को हमारा लाल सलाम, शहीदों की कुबार्नी व्यर्थ नहीं जाएगी, मजदूरों को शोषण बंद करो, इंकलाब जिंदाबाद का जोरदार नारा लगाया। इस मौके पर एस आर गुप्ता, संतोष कुमार, मुस्तफा अहमद, अरविंद कुमार समेत दर्जनों रेलकर्मी मौजूद रहे।

# झामुमो टूट की पंचायत कमेटी का गठन संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका की अध्यक्षता में टुटकी लैंप्स परिसर में टुटकी पंचायत के झामुमो कार्यकताओं के बीच एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसम्मति से झामुमो पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें पंचायत प्रभारी राजेश कुमार महतो, अध्यक्ष-सत्यनारायण सिंह (नबो), सचिव हरदेव महतो, कोषाध्यक्ष कृति कुमार महतो, उपसचिव-राजाराम महतो को चुना गया। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत संगठन प्रभारी द्वारिका प्रसाद महतो, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र महतो, मिथुन चंद्र महतो समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता राजीव कुमार ने पुलिस को सौंपा सीसीटीवी, सवालों के दिए जवाब

# पुलिस ने सीसीटीवी जांच प्रक्रिया तेज की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में शराब के थोक कारोबार में कथित अनियमितता की सीबीआई जांच कराने से जुड़ी याचिका को प्रभावित करने के मामले की जांच रांची पुलिस ने तेज कर दी है। रांची पुलिस ने याचिकाकर्ता उमेश कुमार के वकील राजीव कुमार का बयान दर्ज किया है। वहीं केस मैनेज करने के आरोपी भाजपा नेता राकेश भास्कर से जुड़ा सीसीटीवी भी वकील राजीव कुमार ने अरगोड़ा पुलिस को सौंप दिया है। एक मई को अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने वकील राजीव कुमार को नोटिस भेजकर छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी।

**किन किन बिंदुओं पर मांगी गई थी जानकारी :** अरगोड़ा पुलिस ने अधिवक्ता राजीव कुमार से द्वारा राकेश भास्कर के खिलाफ दर्ज शिकायत की जांच के लिए जानकारी मांगी थी। वकील राजीव कुमार से पुलिस ने पूछा था कि राकेश भास्कर के द्वारा किस तिथि एवं समय को आपके चैंबर ए-28, उच्च न्यायालय में धमकी दी गई थी। यदि घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज वायस रिकार्डिंग के साथ हो तो उपलब्ध करायी जाए। अरगोड़ा पुलिस ने पूछा था



कि घटनास्थल डोरंडा थाना अंतर्गत पड़ता है, यदि डोरंडा पुलिस को भी सूचना दी गई है तो इसकी प्रति उपलब्ध करायी जाए। पुलिस ने अधिवक्ता से यह भी पूछा था कि राकेश भास्कर को कितने दिनों से परिचित हैं, अगर पूर्व में भी मिलना जुलना व फोन पर बातचीत रही हो तो उसकी जानकारी दें। आवेदन देने के पूर्व अगर बातचीत या मुलाकात हुई हो तो इसकी भी जानकारी अरगोड़ा पुलिस ने मांगी है। साथ ही घटना से संबंधित साक्ष्य की मांग पुलिस ने की।

**राजीव ने सौंपा सीसीटीवी व लिखित जवाब :** जानकारी के मुताबिक, अरगोड़ा पुलिस को राजीव कुमार ने राकेश भास्कर के चैंबर में आने से जुड़ी सीसीटीवी सौंप दी है। इस फुटेज में राकेश भास्कर खड़े होकर बात करते फिर निकलते दिखायी दे रहे हैं। वकील राजीव कुमार ने घटना के संबंध में अपना लिखित पक्ष भी थानेदार को सौंप दिया है। गौरतलब है कि राजीव कुमार ने आरोप लगाया था कि शराब के थोक कारोबार से जुड़ी याचिका में वादी के वकील के तौर पर हटने के लिए उन्हें राकेश भास्कर ने धमकी दी थी। राजीव कुमार का आरोप है कि राकेश भास्कर ने प्रेम प्रकाश व शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के कहने पर उन्हें धमकी दी। इस संबंध में उन्होंने 24 व 26 अप्रैल को अरगोड़ा थाने मे लिखित शिकायत की थी।

## बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति का उद्घाटन

**रांची।** दिव्यांग जनों के उत्थान , महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण को समर्पित स्वयं सेवी संस्था बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि रंजन कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि नीरज पाठक, सम्माननीय अतिथि अमित सिन्हा , धनंजय कुमार पुटूस, जितेंद्र कुमार, डब्लू सिंह, राजेश साहा, नितेश मिश्र, राज प्रताप सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, रमेश पाठक , राज रामगढी, श्रमिक विद्यापीठ के सदस्य विनय कुमार तथा संस्था के विशिष्ट सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामगढ़ ब्लॉक के सरकारी अस्पताल के समीप स्थित बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति के कार्यालय का शुभारंभ किया।

# मांडर में स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददपाता। मांडर**
मांडर प्रखंड मुख्यालय में स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण )-2 जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वच्छता पखवारा पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय कार्यशालाका आयोजन, जीसेलपीएस, बाल शिक्षा परियोजना तथा जनप्रतिनिधियों ने उठाया सवाल कि जब प्रखंड तथा अंचल का शौचालय ही निर्माण के बाद से ही एक दिन के लिए स्वच्छ नहीं नजर आया तो ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान की कागजी घोड़ा दौड़ाना क्या उचित है।क्या यह स्वच्छता पखवाड़ा में निर्देशित कार्यक्रम को सिर्फ कार्यशाला करके ही सफल मान लिया जाए या जमीनी स्तर पर भी प्रखंड स्वच्छ नजर आएगा।नल जल योजना ,शौचालय, जलमीनार सभी तो सिर्फ देखने सुनने की कहानी बन कर रह गई है आखिर जनप्रतिनिधि जनता को क्या जबाब देकर संतुष्ट करें।इस पर जिला से आए निर्माण फाउंडेशन के रवि कुमार ने उपस्थित लोगों को कहा कि धीरे धीरे सब ठीक हो जाएगा।वहीं पीएचडी के जेईई सुमेलाल उरांव ने ग्रामीण क्षेत्रों में बने शौचालय में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के जबाब में कहा कि पहले भी लोग पानी लेकर ही शौच जाते थे फिर शौचालय निर्माण के बाद पानी की समस्या की क्या बात है ये शौचालय का पेन कम पानी के लायक ही बनाया गया है।अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उनके तर्क पर चुप ही रहना बेहतर समझे और कार्यशाला में मूक दर्शक बन बातें सुनते रहे जिनमें सभी घर में शौचालय की सुविधा,गाँव में ठोस व तरल कचरा प्रबंधन, गाँव के हर विद्यालय , आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय सुविधा तथा गाँव के सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर सी डी एफ प्लस से संबंधित आई ई सी संदेश लिखने की बाते बताई गई।स्वच्छता पखवाड़ा में तीन मई को श्रमदान से सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायत भवन, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थलों पर अपशिष्ट संग्रहण एवं उनका पृथकीकरण, जल स्रोतों की सफाई, बृक्षारोपणआदि कार्यक्रम के आयोजन का सभी को उपायुक्त राँची का निर्देश की जानकारी दी गई। चार मई को स्वच्छता रैली एवं रात्रि चौपाल सहित अन्य दिनों के कार्यक्रम की जानकारी सभी को दिया गया। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का,सीओ विजय हेमराज खलखो, उप प्रमुख अमानत अंसारी, सीडीपीओ, बीपीओ जीसेलपीएस, सोमरा उरांव,स्वास्थ विभाग के प्रोग्राम मैनेजर उपेन्द्र सिंह, बाल शिक्षा परियोजना के प्रतिनिधि, जल सहिया, मुखियागण, पंस सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड संकुल समन्वयक सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस ने जन समस्याओं को लेकर नगर निगम को कराया अवगत

**रांची ।** मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता अजय सिंह ने रांची नगर निगम आयुक्त के कार्यालय में जाकर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया । श्री सिंह ने मांग की है वार्ड नंबर 27 28 29 में क्षेत्र के सभी मुख्य सड़क की नालिया में कूड़ा भरा हुआ है जिसे नाली जाम है 10 लड़कों में कचरा भरा जाता है । इस क्षेत्र में युद्ध स्तर पर सफाई की आवश्यकता है । क्षेत्र में पेयजल की समस्या प्रमुख हैं क्योंकि क्षेत्र में सप्लाई का पानी सभी घरों को तक नहीं पहुंच पाती क्योंकि बहुत जगह पाइपलाइन फटा हुआ है इसलिए मुख्य रूप से कैलाश नगर संत ज्ञानोदय स्कूल के समीप हरी नगर गोपाल मंदिर राजा हाता मैं टैंकर के द्वारा पानी वितरण किया जाए । विशेष रुप से नगर आयुक्त से मांग की है कि वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है इसके उपरांत जनहित को देखते हुए आपके द्वारा पदाधिकारी एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है ।

# संत माईकल स्कूल में अंग्रेजी विजेताओं को सम्मानित किया गया




**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
संत माईकल( +2 ) स्कूल मुरी में 20 अप्रैल को कक्षा तीसरी से कक्षा आठवी तक के छात्रो के बीच अंग्रेजी पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्याथीयो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । प्रतिभागियों के बीच इस प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला ।छात्रो का मूल्यांकन आवाज का उतार चढ़ाव, रचना प्रस्तुति और आवाज की स्पष्टता के आधार पर किया गया इसके लिए एक निर्णायक मंडली गठित की गई थी जिसमे शिक्षिका मनीषा सिंह एवं शिक्षक वी. वेंकट राव उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियो को 1 मई को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर, सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियो को पढ़ने में अपने उत्कृष्ट कौशल दिखाने का मौका मिलता है। साथ ही पाठन एक अच्छी और उपयोगी आदत भी है। विद्यालय के प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि यह प्रतियोगिता इस तथ्य को बढ़ाने के लिए ही आयोजित कि गई थी। पढ़ना एक छात्र के लिए सीखने के अनुभव का एक अभिन्न अंग है। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकगण विमल साहु, रमेश गोराई, सपना दत्ता, शिल्पी भगत, संयुक्ता सिंह देव, सुशील कुमार, ममता गोस्वामी, शेखर कुमार, किशोर कुमार, अजय चिक बडाईक आदि उपस्थित थे।

## चेताया — सीपीआई ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

# केन्द्र सरकार ने मजदूरों के सारे अधिकार छीने




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। अंतर राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक झंडोत्तोलन कर शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित किया। सभा की अध्यक्षता इम्तियाज खान ने किया। संचालन भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पाठक ने कहा कि मोदी सरकार मजदूरों के सारे अधिकार को छीन कर 44 श्रम कानून को बदल कर चार कोड में बदल दिया। इनके सारे अधिकार छीन लिया। 2024 के बाद मुस्तैदी से उस कानून को लागू सरकार करेगी। रांची बस सेवा के कर्मचारियों को बगैर मजदूरी के गाड़ी चलवाया जा रहा है, ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर परमानेंट किया जाय, मजदूरों को काफी शोषण किया जा रहा है। बिचौलिए के माध्यम से नगर निगम की बस सेवा चलाया जा रहा है। जिससे बस कर्मचारियों की काफी परेशानी उठाना पढ़ रहा है। राज्य की हेमंत सरकार तमाम ठेके पर रखे गए लोगों को परमानेंट करें, ताकि लोगों को सुविधा मुहैया हो सके। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता बाबूलाल झा ने संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर की चर्चा करते हुए कहा कि मजदूरों की कुर्बानी से लाल झंडा की शुरूआत हुआ है। मजदूरों के 8 घंटा काम 8 घंटा आराम आठ घंटे मनोरंजन के लिए कानून मजदूरों की शहादत से बनी है। इसलिए अपने हक अधिकार को बुलंद करने के लिए मजदूरों की एकता जरूरी है। जिला सचिव अजय कुमार सिंह कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक लोगों को सुविधाएं नहीं मिल जाती है। तब तक हमारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने बिचौलियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अगर समय रहते बिचौलिया नहीं चेते तो आने वाले दिन में बड़ी लड़ाई होगी। बड़े आंदोलनों के सामने नगर निगम को झुकना पड़ेगा । इसलिए अबीलंब बस कर्मचारियों को परमानेंट करके सारी सुविधाएं मुहैया कराएं। सभा को जितेंद्र कुमार, इम्तियाज खान, सुरेंद्र कुमार दीक्षितआदि कई लोगों ने संबोधित किया। सभा में दिनेश साहू, विजय कुमार सिन्हा, कृष्णा कुमार उपाध्याय, पवन साहू, संजय कुमार, निगम सिद्दीकी, सत्येंद्र कुमार सिंह सहित सैकड़ों बस कर्मचारी मौजूद थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल, तीन गंभीर, रिम्स रेफर

**मांडर।** मांडर में सोमवार शाम सात से साढ़े सात बजे के बीच दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए।चार में से तीन लोगों को रेफरल अस्पताल मांडर में प्राथमिक चिकित्सा के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।बताया जाता है कि महुवाजाड़ी के 60 वर्षीय सुकरा उरांव बाईक से अपने घर महुवाजाड़ी आने के क्रम में दजीर्जाड़ी गाँव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सड़क दुर्घटना में गम्भीर रुप से घायल हो गए।दूसरी ओर करगे नांवाटोली के समीप मांडर बुढ़मू मुख्य मार्ग पर पूजा ईटा भट्ठा के नजदीक स्कूटी पर सवार तीन युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये।स्कूटी पर सवार अड्रा बुढ़मू ठाकुरगांव निवासी 18 वर्षीय सुरज उरांव,16 वर्षीय हातमा करगे मांडर निवासी आदित्य मुण्डा गम्भीर रुप से तथा 16 वर्षीय ठाकुरगांव निवासी नीरज सिंह साधारण रुप से घायल हो गये।मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सुरज उरांव, आदित्य मुण्डा और सुकरा उरांव को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया।

# मानव जीवन में बिना श्रम के जीवन असंभव : दीपाली



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
कन्दरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन परिवार के द्वारा मजदूर दिवस पर सभी चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को भेंट देकर सम्मानित करके मनाया गया। जिसमें इंस्टीच्यूशन के सभी विभागों के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को संस्थान के शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर एवं प्राचार्यो के हाथों उनके कार्यों के लिए पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने कहा कि मानव जीवन में बिना श्रम के जीवन असंभव है,मानव जीवन में हर व्यक्ति बिना श्रम के जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता।श्रम दिवस एक विशेष दिन है, जो श्रम वर्ग को समर्पित है और उनकी कड़ी मेहनत, संर्घष और प्रयासों के लिए जाना जाता है। आज भले ही तकनीक अपनी चरम सीमा पर है फिर भी मजदूरों की भूमिका को कम करके आंका नही जा सकता। राष्ट्र निर्माण में जीवन समर्पित करने वाले हमारे श्रमिक समाज का वह हिस्सा है जिस पर सारी आर्थिक प्रगति टिकी हुई है। बी.एड. विभाग के प्रो० उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि कर्म ही पूजा है और ये एक सेवाधिकार है। दुनिया को सजाने-सवारने वाला आज खुद बेघर और असहाय है। आवश्यकता है इनके कार्यों को सम्मान देना और समाज के मुख्य धाराओं से इन्हें जोड़ना। इस अवसर पर बीएड, डीएलएड, डीफार्मा, बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

# गीता जीवन जीने का ढंग सिखाने वाला ग्रंथ है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत सोमवार को चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ केन्द्र के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी, अध्यक्ष आर एस अग्रवाल, सचिव श्याम टोरका, ट्रस्टी प्रेम प्रकाश आर्या और ज्ञान यज्ञ के मुख्य संयोजक सह संहायक सचिव अशोक अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष आरएस अग्रवाल ने यज्ञ स्थल में उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया और 8 से 80 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए संचालित मिशन की गतिविधियों में सहयोग की अपील की। विशिष्ट महानुभाव पुनीत पोद्दार ने स्वामी जी का माल्यार्पण कर अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जीवन में जो कुछ भी अच्छा है उसका कारण हमारे माता पिता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान काल में युवाओं का रूझान सेवा की तरफ नहीं है। इस पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्वयं को एक साधारण व्यक्ति कहा और अपने द्वारा की जाने वाली समाजिक सेवा को बहुत ही छोटा योगदान बताया। उन्होंने चिनमय मिशन के चरित्र निर्माण कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। संयोजक अशोक अग्रवाल ने चिन्मय मिशन एवं ज्ञानयज्ञ के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्याम सुन्दर टोरका ने किया। मंच का संचालन उपाध्यक्ष वेद प्रकाश बागला जी ने किया। स्वामी जी ने अपने वक्तव्य में गीता को जीवन जीने का ढंग सीखाने वाला शास्त्र कहा। उन्होंने भगवद्गीता और भागवत महापुराण का अन्तर बताया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुसार मनुष्य के उत्थान का क्रम बताया, अपरिपक्व स्तर पर मनुष्य स्वयं को देह मानते हुए ही सुख पाने की कोशिश करता है, सत्संग द्वारा वह स्वयं को जीव मानने लगता है, फिर वह साधक, भक्त बनता है और कालान्तर में उसे परमगति प्राप्त हो जाती है। शंकराचार्य जी ने सनातन संस्कृति में प्राण डालने का कार्य किया। लगभग 1200 वर्ष पहले पूरे भारतवर्ष का चार बार भ्रमण किया। कई विद्वानों से शास्त्रार्थ कर अद्वैत मत को प्रतिपादित किया। कई मंदिरों का जीर्णोद्धार किया, मठों की स्थापना की, उन्होंने पूरे राष्ट्र को सांस्कृतिक रूप से एक किया। कहा जा सकता है कि आज भारतीय संस्कृति के अस्तित्व के वे ही कारण है। इस अवसर पर सुरेश जी अग्रवाल, रामौतार नरसरिया, प्रदीप राजगढ़िया, मीनू मोदी, ललित बुधिया, आलोक तुलस्यान, विजय साबू, काशी टिबड़ेवाल, काशी कनोई, डा. रत्नेंद्र, डा. अंजू कन्हैयालाल अग्रवाल इत्यादि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बड़ी टीम प्रयास रत थी जिसमें सर्वश्री बैजनाथ सिंह, अशोक मंगल, विजय सरायका, राजेश अग्रवाल, राजेश कौशिक, राजीव रंजन, संजय सुल्तानिया, प्रमोद जी आदि मुख्य थे। यह ज्ञानयज्ञ पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी की 107 वीं जयंती के आलोक में आयोजित था और 09 मई तक दोनों सत्रों में संचालित होगा।




### प्रतिबंधित पिस्तौल रखने व अश्लील चैटिंग के संबंध में राज्यपाल से मिले सरयू राय

# बन्ना को बर्खास्त कराएं



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को राज्यपाल से मुलाकात कर उनसे दरख्वास्त किया कि वे सीएम हेमंत सोरेन से कह कर राज्य के हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता को अविलंब बर्खास्त करें। श्री राय ने उन्हें तफसील से प्रतिबंधित पिस्तौल रखने और अश्लील चैटिंग के संबंध में जानकारी दी। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को बताया कि किस प्रकार एक मंत्री के गलत कार्यों को झारखण्ड की सरकार कांग्रेस पार्टी के दबाव में संरक्षण दे रही है। राजनीतिक दबाव के कारण सारे प्रमाण रहने के बाद भी अभियुक्त के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह राज्य सरकार में मंत्री हैं। यही कारण है कि झारखण्ड का प्रशासन गंभीर आरोप लगने के बाद भी मंत्री के खिलाफ जाँच नहीं कर रहा है। इस बारे में उन्होंने मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने के बारे में गत 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचना देने का भी जिक्र किया, फिर भी कोई कार्रवाई न होने पर निराशा जताई। राज्यपाल ने सरयू राय को आश्वस्त किया कि वह इस बारे में सरकार से एक प्रतिवेदन मांगेंगे और उन्हें जो सूचना मिली है, उससे भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भी अवगत करायेंगे।

# जल्द पूरा करें आवास योजना : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अधिकारी निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करें तब ही गांव का विकास संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से बड़ी संख्या में अब तक आवास निर्माण कार्य अधूरा रहने पर भी चिंता जतायी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि वे लगातार इसके कारणों की समीक्षा कर हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। वे मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित वाहन वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने 26 प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वाहन वितरण समारोह में बोलेरो गाड़ी की चाबी सौंपी। पुराने व जर्जर हो चुके वाहनों के स्थान पर नये वाहन उपलब्ध कराये गये। साथ ही कहा कि सरकार हमेशा उनके साथ है। उन्हें साधन व सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा लेकिन अधिकारियों का लक्ष्य जनता तक विभाग की योजनाओं को शत-प्रतिशत पहुंचाना होना चाहिए। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि अधिकारियों को हमेशा दूसरे लोगों और ग्रामीणों के विकास के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। अधिकारियों को साधन से ज्यादा लक्ष्य को महत्वपूर्ण बनाना चाहिए, जिससे जनता तक सरकार की योजना आसानी से पहुंच सके। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए बीडीओ को लगातार कार्य करने की जरूरत पर सचिव ने बल दिया।

**बीडीओ निरंतर फील्ड में जाएं : मनरेगा आयुक्त**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सूबे के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निरंतर फील्ड में जाना चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले। उन्होंने कहा कि यह अक्सर देखा जाता है कि अधिकारी मुख्यालय स्तर पर ही ज्यादा फोकस रखते हैं। ऐसे में अगर अफसर फील्ड विजिट करेंगे तो समस्याओं को अधिक बेहतर समझ कर कार्य करेंगे। मनरेगा आयुक्त ने पेंडिंग आवास पर भी चिंता जतायी। पंचायत भवनों को अधिक से अधिक कार्यशील बनाने पर जोर दिया इसे और सशक्त बनाने के लिए बीडीओ को जिम्मेवारी लेने को कहा। जेएसएलपीएस के सीइओ सूरज कुमार ने कहा कि वाहन, सुविधा इत्यादि तो दी जा रही है लेकिन कार्य समय पर पूर्ण हो यह जरूरी है। पहले प्रखंड भवन का निर्माण हुआ अब वाहनों का भी लगातार वितरण हो रहा है।पूर्व में भी 26 वाहन दिए गये थे, आज फिर दिए जा रहे हैं। ऐसे में लगातार साधन उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण जोर दिया। सीइओ ने कहा कि राज्य में अब तक 2.99 लाख एसएचजी का गठन हो चुका है। बड़ी संख्या में महिलाएं के सामाजिक,आर्थिक विकास व सशक्तीकरण किया जा रहा है। 35 लाख दीदी इससे जुड़ी है। लगभग 1.75 करोड़ ग्रामीण परिवार का सीधा जुड़ाव जेएसएलपीएस से हैं।

**इन बीडीओ को मिला वाहन :** बोकारो-चंदनक्यारी,चास। देवघर-सोनारायठाडी, देवघर सदर, सारवां, सारठ। हजारीबाग- पदमा, कटकमसांडी, केरेडारी, चुरचू। कोडरमा-सतगावां। रामगढ़-चित्तरपुर। जामताड़ा- जामताड़ा सदर, नाला,कुंडहीत, फतेहपुर। पश्चिम सिंहभूम- चाइबासा सदर, जग्गनाथपुर। रांची- राहे, तमाड़, बुंडू, चान्हो, मांडर। लोहरदगा-पेशरार, कैरो।



# सरयू राय ने हेमंत सोरेन को आधे कैबिनेट का मुख्यमंत्री बताया

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बीमार चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात करने पहुंचे निर्दलीय विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए उन्हें आधे कैबिनेट का मुख्यमंत्री बताया है, कहा कि आधी कैबिनेट कांग्रेस चला रही है। दरअसल, सरयू राय इन दिनों राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक महिला के साथ वायरल अश्लील वीडियो और प्रतिबंधित पिस्टल को लेकर प्रखर हैं। परिसदन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लेकर जारी अश्लील वीडियो को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है लेकिन इस पर आगे जांच नहीं हो रही है। साथ ही कहा कि मंत्री के कार्यालय से जारी महिला का सफाई वीडियो में उसका नाम पता और कुछ भी जानकारी नहीं दी गई है। राय ने कहा कि कि पांच दिन पूर्व उन्होंने इस विषय को लेकर जमशेदपुर में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग डीसी से की है लेकिन इस दिशा में भी एक भी कदम आगे कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह प्रमाणित होता है कि यह वीडियो और अवैध पिस्टल दोनों सत्य है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर तंज कसते हुए कहा कि जमशेदपुर में रघुवर दास के कब्जे में भाजपा है। पिस्टल से लेकर अश्लील वीडियो प्रकरण में निशिकांत दूबे के अलावा एक मात्र ट्वीट बाबूलाल मंराडी ने किया है।

## नशे में धुत महिला पदमपुर पुल से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**रांची।** चक्रधरपुर सोनुवा मुख्य मार्ग पदमपुर पुल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में घायल महिला को चक्रधरपुर का अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए।

## झारखंड हाई कोर्ट में शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामले की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामले में दायर उमेश कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि इस केस को उठाने के लिए याचिकाकर्ता उमेश कुमार को विधायक अनूप सिंह ने धमकी दी है। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह जानकारी कोर्ट के रिकॉर्ड पर दो सप्ताह में पूरक शपथ के माध्यम से लाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता के खिलाफ कितने केस दर्ज हैं। प्रतिवादी राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाई कोर्ट से ऑनलाइन जुड़े। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को धमकाने और उसके भाई को पुलिस द्वारा उठाने के मामले की वस्तुस्थिति कोर्ट को अवगत कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा था कि याचिकाकर्ता को क्यों धमकाया गया एवं प्रार्थी के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता जो इस केस में सहयोग कर रहे हैं उसके भाई को क्यों 43 घंटा तक हाजत में रखा गया।

## आजसू पार्टी ने जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग किया

**रांची।** आजसू पार्टी ने चतरा जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नए सिरे से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। डॉ. भगत ने कहा कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण चतरा जिला में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य शिथिल पड़ गया था। साथ ही पार्टी की अन्य गतिविधियां भी अपेक्षित रफ्तार से नहीं चल रही थी।

### शिक्षा से ही देश आज वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसरः कुलाधिपति

# दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मिली उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार को मोरहाबादी परिसर स्थित दीक्षांत मंडप में संपन्न हुआ। इस समारोह में 65 टॉपरों के साथ ही 81 गोल्ड मेडलिस्ट को उपाधि दी गयी। साथ ही 2859 छात्रों को भी उपाधि दी गयी। इसमें पीजी, पीएचडी तथा अपने विषयों के टॉपर मेधावियों को कुलाधिपति सह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा से ही देश आज वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। हाल के कुछ वर्षों में भारतीय युवाओं ने अपनी शिक्षा से विश्व के सभी बड़े संस्थानों, उद्यमों के शीर्ष स्थान को प्राप्त किया है। आज यूरोप और अमेरिका हमारी ओर देख रहे हैं। राष्ट्र का सम्मान पश्चिम की नजर में बढा है तो इसका कारण हमारी शिक्षा, हमारे संस्कार और देश की युवा शक्ति हैं। कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय उच्च और रोजगारपरक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है। आज शिक्षा के बाद दीक्षा दी जा रही है। आज का भारत युवाओं का भारत है। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने कई क्षेत्रों में राज्य एवं विवि का गौरव बढाया है। हमारे छात्रों ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। हम कला संस्कृति, साइबर सिक्योरिटी, खेल और शोध के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और आइआइटी दिल्ली, बीएयू, बीआईटी मेसरा सहित अन्य के साथ एओयू कर रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी की पढाई में हम जल्द ही अग्रणी होंगे और झारखंड साइबर सिक्योरिटी हब बनेगा। इससे पूर्व दीक्षांत समारोह में छात्रों ने पारंपरिक परिधान कुर्ता पायजामा और छात्राओं ने सलवार कुर्ता या झारखंड की पहचान लाल पाड़ साड़ी में डिग्री को प्राप्त किया।




## हाई कोर्ट में रतन हाइट्स मामले में याचिकाकर्ता की बहस पूरी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की बहस पूरी हो गई। 10 मई को अब प्रतिवादियों की बहस होगी। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डर वीकेएस रियलिटी ने अंडरटेकिंग दिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा और सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।

## झारखंड हाई कोर्ट में सातवीं जेपीएससी मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में मंगलवार को सातवीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा के अभ्यर्थी सूरज कुमार रजक और अन्य की दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट में जेपीएससी से जुड़ी अलग-अलग छह रिट याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता सूरज कुमार रजक के अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने हाई कोर्ट में पक्ष रखा। जेपीएससी के अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने जेपीएससी द्वारा दाखिल किए गए जवाब का प्रतिउत्तर (रिजवाइंडर) दाखिल करने के लिए समय देने की मांग गई। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 14 जून की तिथि निर्धारित की है।

### परिभ्रमण | छात्रों ने मसूरी पर्वत श्रृखंलाओं में प्राकृतिक संसाधनों को देखा

# दुर्लभ पौधों की बारीकी से जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वानिकी संकाय के 39 सदस्यीय यूजी छात्रों के शैक्षणिक परिभ्रमण दल ने प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार चक्रवर्ती एवं डॉ. ज्योतिष कुमार केरकेट्टा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मसूरी के उच्च पर्वर्तीय क्षेत्रों में ऊंचाईवार ओक, पाईन, देवदार आदि वृक्षों के बदलते क्रम तथा पर्वत में दिशात्मक पहलू का प्रभाव और उसमें वानस्पतिक अंतर का अध्ययन किया। साथ ही दल ने मसूरी के पर्वत श्रृखंलाओं में प्राकृतिक संसाधन का आकलन के अलावा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अंतर्गत चुना पत्थर के पूर्व में हुए खनन एवं वनों के विनाश का अध्ययन किया। छात्रों ने मसूरी के पर्वत श्रृखंलाओं में सीढ़ीनुमा खेती संरक्षण के उपायों को करीब से जाना। मसूरी स्थित कंपनी बाग में स्थानीय पेड़-पौधे एवं दुर्लभ पौधों की प्रजाति का बारीकी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्रों में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून में प्रशिक्षुओं से भेंट में वानिकी सबंधी ज्ञान से प्रभावित हुए। इसके उपरांत छात्रों ने देहरादून स्थित प्रसिद्ध वन अनुसंधान संस्थान में वनवर्धन, काष्ट वन उपज, वन कीट विज्ञान और काष्ट के विकृति विज्ञान संग्रहालयों में जाकर वानिकी सबंधी व्यापक जानकारियों का दो दिनों तक अध्ययन किया। काष्ट एवं अन्य वश्यो की गहन तकनीकी जानकारियों के लिए संस्थान के वनोपज प्रभाग में काष्ट की सीजनिंग उपचार और रूपांतरण के विभिन्न तरीकों की क्रमिक विधि की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्राध्यापक डॉ. ज्योतिष कुमार केरकेट्टा ने बताया कि 15 दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान सभी संस्थानों एवं प्रभागों से काफी बढ़िया सहयोग प्राप्त हो रहा है। वानिकी से जुड़े विभिन्न स्थानीय संस्थानों एवं प्रभागों में प्रत्यक्ष तकनीकी लाभ से सभी छात्र काफी उत्साहित है। प्राध्यापक डॉ आशीष कुमार चक्रवर्ती ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में छात्रों का दल वन अनुसंधान संस्थान के अन्य प्रभागों के अलावा वानस्पतिक उद्यान, हर्बेरियम, बांस वाटिका और राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सुचना केंद्र का भी अवलोकन करेंगे।



## ट्रक पर लदा 870 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने खूंटी थानांतर्गत बरबंदा गांव के जंगल में सोमवार सुबह छापामारी कर एक एलपीटी 709 ट्रक पर लदे 44 बोरा में भरे 870 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर पुलिस ने ट्रक के चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य लोग जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार समस्तीपुर बिहार के सिंघिया थाना क्षेत्र निवासी दिलखुश दास (31) और रांची के मांडर थानांतर्गत सोसई गांव के शुभम कुमार गुप्ता के विरुद्ध खूंटी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में दोनों को जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ अमित कुमार ने मंगलवार को आयोजित प्रेसा कॉन्फ्रेंस में बताया कि जब्त ट्रक को बाहर से मंगा कर तस्कर अफीम डोडा को पश्चिम बंगाल ले जाने वाले थे, लेकिन उससे पूर्व ही वे पकड़ लिए गए। मौके पर गिरफ्तार लोगों के पास से नगद 20 हजार रुपये और दो मोबाइल भी बरामद किये गये हैं।

## सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो अब लड़ सकेंगे चुनाव

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो की सजा एक साल कम कर दी है। इसके बाद वह अगला चुनाव लड़ सकेंगे। सिविल कोर्ट से एक आपराधिक मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद वह चुनाव लड़ने के अयोग्य हो गए थे, लेकिन मंगलवार को उन्हें बड़ी राहत मिली है। दरअसल, साल 2006 में सोनाहातू में सीओ कार्यालय का घेराव किया गया था। इसमें पूर्व विधायक अमित महतो भी अपने लोगों के साथ मौजूद थे। उसी दौरान तत्कालीन सीओ आलोक कुमार घायल हो गये थे। फिर इसे लेकर सोनाहातू थाना में अधिकारी संग मारपीट और सरकारी काम में बाधा का मामला दर्ज कराया गया था। इसमें सिविल कोर्ट ने अमित महतो को दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधान सभा की सदस्यता चली गई थी। सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व विधायक ने सिविल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई में कोर्ट ने माना कि निचली अदालत से दी गई अधिकतम सजा की कोई मुख्य वजह नहीं थी, जिसके बाद हाई कोर्ट ने उनकी सजा एक साल कम कर दी।

# लॉटरी में बाइक व एक लाख निकलने का झांसा देकर ठगे हजारों रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** सिमडेगा एसपी सौरभ के निर्देश पर जिले के प्रज्ञा केंद्र संचालकों से बैठक करते हुए साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया था जिसका असर देखने को मिला।

कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह अमती टोली निवासी राजमिस्त्री सुबास सिंह को 30 अप्रैल को उसके फोन पर कॉल आई और कहा जिओ सिम के माध्यम से आपका एक अपाचे बाइक व 1 लाख रुपये की लॉटरी निकली है।और उसने बाइक की फोटो वॉट्सएप कर दी।और कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिए 1200 रुपए और पुरस्कार प्राप्त करने के लिए ?12500 रुपए फीस चुकानी होगी। मैं उसके झांसे में आ गया और 30 अप्रैल को बरवाडीह स्थित ऑनलाइन दुकान से कुल 13700 रुपए ठग को गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग अलग-अलग चार्ज बता कर 7000 रुपये मांगने लगे। तभी कोलेबिरा बाजार रोड स्थित प्रज्ञा केंद्र से पैसे डालने आया पर प्रज्ञा केंद्र संचालक संदीप कुमार को शक होने पर उन्होंने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात भुक्तभोगी को थाना पहुंचाया गया जहां थाना प्रभारी के द्वारा मामले की विस्तृत जानकारी लेकर उसे जागरूक किया। इसके बाद वह युवक बिना पैसा डाले साइबर ठगी का शिकार होने से बच गया।

## दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में सोमवार को गणपति ईंट भट्ठा के समीप दो बाइक का टक्कर में तीन युवक घायल हो गये। पहचान जोगना ग्राम निवासी कृष्णा साहु का 22 वर्षीय पुत्र दीपू साहु और सेरेन्गहातु निवासी चन्दरु उराँव का 19 वर्षीय पुत्र सोमनाथ उरांव तथा शुका उरांव का 18 वर्षीय पुत्र मन्तोष उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि दीपू सहु अपना बाइक जे एच 0 8 जी 1566 से घाघरा की ओर से सेन्हा तरफ आ रहा था। वही सोमनाथ उराँव और मन्तोष उराँव अपनी बाइक से सेन्हा की ओर से घाघरा के तरफ जा रहे थे। उसी दौरान कंडरा में गणपति ईंट भट्ठा के समीप दोनों बाइक में टक्कर होने से तीनों युवक घायल हो गए।

# 'हक की लड़ाई के लिए एकजुट हों मजदूर'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के तत्वाधान में मजदूरों ने शहीद अल्बर्ट एक्का स्टेडियम महावीर चौक होते हुए झूलन सिंह चौक से नगर भवन तक विशाल जुलुस निकाली गई। तत्पश्चात मजदूर नेता ने बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नगर भवन सिमडेगा में मजदूरों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मजदूरों को एकता में रहना जरुरी है जिससे उनके अधिकार और हक की लडाई आसान हो सके और संगठित संघर्ष किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जीप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि मजदूरों को गर्व होना चाहिए कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रमुख कडी हैं। वे भी मजदूर की बेटी हैं और उन्हें इस बात का गर्व है। उन्होंने मजदूरों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि बच्चे अफसर, विधायक बन सकें एवं नशापान से दूर रहें। विशिष्ट अतिथि अगुस्टीना सोरेंग ने मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामटोली, कुबीटोली, खिजरी और एकल नारी सशक्ति संगठन के मजदूरों किसानों ने नाच एवं गाना प्रस्तुत किया जिन्हें उपहार देकर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने सम्मानित भी किया। सभा को प्रवीण कच्छप, रोशन डुंगडुंग, उल्लास साहु, मोहन बडाईक ने भी संबोधित किया। मौके पर आटो चालक संघ के अधिकारी इंद्र सिंह, लालू बडाईक, विशेष रुप से कुबेर कैथवार, चंद्रजीत प्रसाद, लालमोहन मिस्त्री, नसरुद्दीन मिस्त्री, बंधु मिस्त्री, सुखलाल स्वांसी, मोहित कुल्लु, वार्ड मजुं बिलुंग, सुरेंद्र सिंह, नीलिमा मिंज, सूचिता, जिरेन, विलियम, उषाविमला, प्रतिमा बाडा, एकल नारी सशक्ति संगठन की एभलेनजिस्ता कंडुलना, मेरी भैलेट बाः, मुक्ता समद, सुशीला आदि सैकडो मजदूर उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### कीटनाशक पीकर 60 वर्षीय व्यक्ति ने दी जान

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुटमाकछार पचायत के कोकड़ाछेरा गांव में सोमवार रात धरम साय उम्र लगभग 60 बर्ष घर में रखे कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। पुलिस ने बताया मृतक कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। अचानक घर में रखे कीटनाशक को पी लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाये जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### विशेष मिस्सा पूजा का किया गया आयोजन

**बानो।** प्रखंड के संत फ्रांसिस चर्च बानो को पल्ली घोषणा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पल्ली घोषणा दिवस के अवसर पर विशेष मिस्सा मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया था। मौके पर सिमडेगा धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट बरवा, जिला परिषद बिरजो कंडुलना, प्रमुख सुधीर डांग मुखिया कृपा हेमरोम, सोमारी कैथवार जॉन मुंडू, प्रफुल तोपनो, गुलाब बागे रोशलिया कुजूर आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पा जोजो, किरण, रोजलिया कुजूर, सहित बिनोद साउंड बानो का सहयोग रहा।

### पूर्व मंत्री एनोस एक्का का भव्य स्वागत हुआ

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का का को आय से अधिक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बेल दिए जाने के बाद मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा कारामंडल से निकलने के बाद झारखंड पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। इधर सिमडेगा के सीमावर्ती क्षेत्र कोलेबिरा आघरमा पहुंचने पर कार्यकताओं ने बड़े ही भव्य तरीके से उनका स्वागत किया ढोल नगाड़े के ताल पर माला पहनाकर उनका स्वागत किया साथ ही झारखंड पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। एनोस एक्का ने कहा मुझे सुप्रीम कोर्ट ने बेल दिया है इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हैं।

## लोहरदगा के तीन सरकारी स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय में शामिल

# 'शिक्षा व स्वास्थ्य सुलभ हो'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन आज मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, रांची, झारखण्ड से किया गया। लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों- प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा, राज्यकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा, लोहरगा इसमें शामिल हैं। लोहरदगा जिला के प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में राज्य स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल शामिल हुए।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा स्वास्थ्य और शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जो सभी को आसानी से सुलभ होना चाहिए।90 के दशक के पूर्व सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता बहुत अच्छी थी जो निजी विद्यालयों के खुलने के बाद घटती गई। आज सरकार विद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में सुधार कर रही है जो काफी सराहनीय प्रयास है। उत्कृष्ट विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का श्रेय शिक्षकों को जाता है। वहीं छात्र अगर अपने जीवन में कोई सफलता प्राप्त करता है तो खुद की पहचान अपने विद्यालय के माध्यम से बतलाता है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों को राज्य की सरकार उत्कृष्ट बना रही है, जो जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर सुखदेव उराँव, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, केजिबिभी कुजरा मेनका प्रजापति और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोहरदगा की प्रधानाध्यापिका रेश्मा खलखो, एसएमसी के सदस्य और छात्राओं द्वारा भी विचार व्यक्त किया गया। सभी ने राज्य सरकार के इस कदम को मील का पत्थर बताया।

वक्ताओं ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न पर सरकारी विद्यालयों में अब पढ़ाई होगी जिससे बच्चों के पढ़ने का तरीका बदलेगा। इन विद्यालयों में आईसीटीसी लैब, स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, खेल का मैदान, व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि 72-लोहरदगा निशीथ जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चद्रमौलेश्वर, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मीगण आदिउ पस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय के भवन का अवलोकन भी किया गया।

### तीनों स्कूलों में नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हुआ

उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत चयनित लोहरदगा जिला के विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में नामांकन के लिए सोमवार से नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हो गया जो दिनांक 15 मई तक मिलेगा। यह फॉर्म निःशुल्क दिया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुजरा में कक्षा छह में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा जैक बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा आयोजित की जाएगी।

## सिमडेगा के 3 स्कूलों का उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उद्घाटन

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेग के कर-कमलों से राँची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य भर के 24 जिलों के 80 स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का राज्य स्तरीय ऑनलाईल लोकार्पण किया। जिले के तीन स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित किया गया है जिसको उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक कोलेबिरा, उपायुक्त सिमडेगा, उप विकास आयुक्त, शिक्षा विभाग की टीम, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों ने माध्यम से जुड़े। एसएस+2 बालक उच्च विद्यालय के पुशवंत साय ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संबंधित स्पीच दिया। साथ ही नाटकीय कार्यक्रम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल एस एस+2 बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत सिमडेगा जिले के निम्नांकित 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु चयन किया गया है, एसएस +2 हाई स्कूल, एसएस गर्ल्स +2 हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमडेगा इन विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) के तहत सम्बद्धता प्राप्त किया गया एवं वर्तमान सत्र 2023-24 अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाएगा।

# 'लोहरदगा जिले के औद्योगिक विकास को लेकर चैंबर गंभीर'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि जिला का आद्योगिक विकास शिथिल रहना एक गंभीर मामला है, अतः इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक चैंबर को लगने की आवश्यकता है। जिला के औद्योगिक विकास हेतु एक ब्लू प्रिंट तैयार करने का निर्णय लिया गया है।

इस संदर्भ में सर्वप्रथम प्रखंडों में वहां के व्यापारियों के साथ बैठक कर मई 2023 के अंदर प्रखंड कमिटी बनायी जायेगी। फिर इनके माध्यम से प्रखंडो में उद्योग स्थापित करने हेतु एक लाट में पड़ी एकड़ो भूमि को चिन्हित कर बड़े व्यापारियों को उद्योग लगाने हेतु क्षेत्र में कच्चे माल, बिजली व्यवस्था, आवागमन आदि के सुविधानुसार प्रस्ताव दिया जायेगा एवं कम लागत में भूमि उपलब्ध करवाने की कोशिश होगी ताकि उद्योगों के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार भी सृजन किया जा सके। चैंबर द्वारा भूमि बैंक बनाने के पश्चात सरकार से वार्ता कर जिला में उद्योगों का बढ़ावा हेतु सुविधाओं का जाल बिछाने का आग्रह करेगी। इसके लिये एक को-ऑर्डिनेशन समिति बनाया गया जिसमें सेन्हा में वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन, फिरोज शाह, भंडरा में अभय अग्रवाल, अनीश मित्तल, चंदन गोयल, पुरुषोत्तम नाथ तिवारी, किस्को प्रखंड में उत्तम कुमार, धनन्जय प्रसाद, विजय खत्री, सुमित राय, कैरो, कुडू तथा पेशरार में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार, झारखण्ड फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, सदस्य पवन गौतम, पीयूष केशरी, दीपक सर्राफ, लोकेश प्रसाद, दिनेश अग्रवाल को अधिकृत किया गया।

## प्रशिक्षण के लिए रांची भेजे गये 22 युवा

**लोहरदगा।** एससीए योजना मद अंतर्गत लोहरदगा जिला के 22 युवक-युवतियों को सीएनसी ऑपरेटर/मशीनिंग तकनीशियन के एक वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु आज सोमवार को रांची जिला स्थित झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम, टाटीसिल्वे, रांची के लिए बस से रवाना किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखायी गई। इससे पूर्व झारनेट वीसी रूम में युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा एससीए योजना मद से यह कोर्स आप सभी युवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

# शादी का झांसा दे विधवा का वर्षों किया शारीरिक शोषण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** कुडू थाना क्षेत्र के जिलिंग गांव की एक विधवा महिला ने एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर 11 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया है कि वर्ष 2009 में उसके पति की मौत हो गयी थी, जिसके बाद 2011 में नावाटोली निवासी आशीष खलखो पिता पंखपियुष खलखो ने उसके घर आना शुरू कर दिया और उसे विवाह करने और दोनों बच्चों का भरण पोषण करने का आश्वासन दिया। आरोपी का पीड़िता के पति के साथ दोस्ती थी जिस कारण वह उसके झांसे में आ गयी। इसके बाद से दोनों पति पत्नी की तरह रहते रहे। आशीष विधवा के पैसों का भी उपभोग करता रहा। महिला ने छः लाख से अधिक पैसा लेने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 11 साल का लंबा समय साथ में बिताने के के बाद वह दूसरी शादी करने जा रहा है। और मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि इसको लेकर बीते 10 मार्च और 26 अप्रैल को ग्रामीणों की बैठक हुई लेकिन आशीष खलखो पंचायत में उपस्थित नही हुआ। फिलहाल महिला के आवेदन पर कुडू पुलिस कांड संख्या 54/23 धारा 376 के नुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के पतिअंबा नायक टोली निवासी एग्नेश मड़की, पिता सुखराम मड़की नामक एक युवक को जलडेगा के एक ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया। बताया गया कि व्यक्ति एडेगा से पतिअंबा अपने घर आ रहा था, इस दौरान एक अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति का बांया पैर में चक्का चढ़ गया जिससे व्यक्ति को काफी गंभीर चोटें आई है। घटना स्थल पर पुलिस पहुंचने से पहले सोकोरला का एक ऑटो चालक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था को देख सिमडेगा रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि वो ट्रैक्टर को तो नहीं पहचान सका लेकिन ट्रैक्टर चालक को जानता है।

# जंगली हाथी ने गरीब किसान के घर को किया ध्वस्त, ग्रामीणों ने खदेड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )** चैनपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है जंगली हाथी लगातार हमले कर कई गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त करता जा रहा है सोमवार देर रात सदान बुकमा गांव में एक जंगली हाथी ने किसान मोहन नगेसिया के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया हालांकि उस समय घर पर कोई नहीं था किसान मोहन पूरे परिवार के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में गया हुआ था इधर हाथी द्वारा घर ध्वस्त की सूचना ग्रामीणों को लगते ही ग्रामीण मसाल टॉर्च ढोल नगाड़ों की सहायता से बड़ी मुश्किल से हाथी को गांव से खदेड़ने में सफल हुए ग्रामीणों के अनुसार हाथी जारी प्रखंड के सीमावर्ती भुठी जंगल में चला गया है वही भयवश ग्रामीण सारी रात जागकर पहरेदारी करते रहे हाथी के लगातार गांव में हमले से ग्रामीण काफी भयभीत हैं जिसे लेकर वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाई है आपको बताते चलें कि सदान बुकमा गांव में बीते रविवार की रात जंगली हाथी ने तीन गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर दिया था।



## ईंट भट्ठा कार्यालय से हजारों रुपये की चोरी

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी ग्राम में संचालित ईंट भट्ठा के कार्यालय का ताला तोड़ अज्ञात चोर लैपटॉप,ट्रैक्टर का बैटरी पटा,6 लोहा बाल्टी चोरी का घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दे फरार हो गये। भट्ठा संचालक रंजीत साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि ईंट भट्ठा के मेन गेट को तोड़ कर गिरा दिया है। भट्ठा के अंदर कार्यालय का ताला तोड़ चोरी की। घटना की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा नियम संगत कारवाई का मांग भट्ठा मालिक ने किया। वहीं घटना 30 अप्रैल की रात की है। इसकी जानकारी मालिक ने मंगलवार को सेन्हा थाना में दी। मंगलवार को लिखित आवेदन थाना में कारवाई हेतु दिया गया है। इससे पूर्व भी अज्ञात चोरों का उत्पात बढ़ा था।

## आयोजन — मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# संकटमोचक मंदिर का वार्षिकोत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )** चैनपुर के प्रेम नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव सोमवार को उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी।




वार्षिक उत्सव के दौरान ग्राम पुरोहित अवनीश पाठक एवं ग्राम बैगा रवि बैगा की अगुवाई में भगवान हनुमान की विशेष पूजन व महाआरती कर विश्व कल्याण और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान संकट मोचन हनुमान जी की महापूजा भगवान भोलेनाथ के पूजा किया गया। हवन के बाद पूणाहुंति की गई। जिसके बाद संध्य महाआरती के दौरान वातावरण पूरी तरह हनुमानमय हो गया। जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद देर शाम को भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा चैनपुर मुखिया शोभा देवी प्रभारी थाना प्रभारी आलोक कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों को मंदिर समिति के द्वारा गमछा ओढ़ कर सम्मानित किया गया। जय मां अंबे जागरण मंडली गुमला से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकट मोचन मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, गणेश साहू, राजेन्द्र चौधरी, राजेश राम, गौरी जयसवाल, गुड्डु साहू, राहुल कुमार, महेंद्र ठाकुर, चंचल केशरी, तेजू साहू, सोनू, सहित प्रेम नगर वासियों ने सहयोग किया।

## महायज्ञ में उमड़ रही भक्तजनों की भीड़

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेटहट पंचायत अंतर्गत ग्राम पतगच्छा में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम में प्रतिदिन भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। भक्तजन महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से महायज्ञ कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। विगत 28 अप्रैल से ग्राम पतगच्छा में श्री रूद्र महायज्ञ शिव प्राण प्रतिष्ठा सपादलक्ष पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं श्रीमद भागवत महापुराण श्री श्री 108 श्री कल्याण बाबा परम तपस्वी साधक संत के साधिन्य में यज्ञ चल रहा है।

## 147 लोगों का किया गया रक्त संग्रह

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में फाइलेरिया मुक्त भारत बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा डॉ प्रभारी दिव्या निशि ने फीता काट कर उद्घाटन किया। रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष का स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि लगभग 11 बजे तक चलाया गया। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने कहा कि अरु ग्राम में 400 महिला पुरुष का फाइलेरिया जांच हेतु रक्त संग्रह किया जाना है। उन्होंने कहा कि रात्रि शिविर आयोजन कर 147 लोगों का रक्त संग्रह किया गया है। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी देवेन्द्र गिरी, मंसूर अंसारी, अनमोल विक्टर एक्का, गंदुर उराँव, विराज तिर्की, ए एन एम राजमणी लकड़ा जानकी आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 31 लोगों ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के कौशल विकाश केंद्र में मंगलवार को जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सदर अस्पताल गुमला द्वारा शिविर लगाकर रक्तदान कराया गया। जिसमें चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुशील कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, जीप सदस्य मेरी लकड़ा,बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज, चैनपुर मुखिया शोभा देवी पत्रकार बजरंग गुप्ता सहित 31 लोगों ने रक्तदान किया। बीडीओ श्री सिंह व सीओ गौतम कुमार ने ब्लॉक के सभी स्टाफ को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए रक्तदान कराया। बीडीओ शिशिर कुमार सिंह ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पहली बार आपको थोड़ा डर लग सकता है लेकिन यह डर तब खुशी में बदल जाएगी जब आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बच सकेगी उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कई तरह की बीमारियों दूर होती है। अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि 1 यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान करें दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।



### रक्तदान जीवनदान है : सुशील दीपक मिंज

बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने रक्तदान करने के बाद लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है रक्तदान कईयों की जिंदगी बचा सकता है इसका एहसास हमें तब होता है जब अपना कोई जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान करने से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। इससे पूर्व की अपेक्षा शरीर में अधिक खून बनता है। पहले लोग रक्त दान में संकोच करते थे, लेकिन आज का युवा रक्तदान बढ़चढ़ कर करता है। रक्तदान करने से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। पहले लोग रक्त दान में संकोच करते थे, लेकिन आज का युवा रक्तदान बढ़चढ़ कर करता है।

# बौद्ध रीति रिवाज से की शादी, नवदंपत्ति ने लिया संविधान की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** करियातपुर निवासी सुनील कुमार ने बौद्ध धम्म रीति से इचाक के अम्बेदकर नगर की मधु कुमारी से विवाह रचाया । वैवाहिक कार्यक्रम भारतीय बौद्ध महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भंते एमके राजन के सान्निध्य में संपन्न हुआ । इस आदर्श और मांगलिक क्षण के इष्ट, मित्र सहित हजारों लोग गवाह बने । वर वधु ने वैवाहिक मंच पर भगवान बुद्ध और बाबा साहब के फोटो के समक्ष पुष्पार्चन और केंडल जलाया । दोनो ने पंचशील त्रिशरण व बुद्ध वंदना वाणी ग्रहण कर जीवन पथ पर चलने के लिए आठ पवित्र प्रतिज्ञाएं ली । भारतीय संविधान एवं उपस्थित जनसमूह को साक्षी मानकर एक दूसरे को वर माला पहनाकर दोनो एक दूजे के हो गए । उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुष्पवर्षा करते हुए वर वधु को अपना स्नेहिल प्यार और आशीर्वाद दिया । इस आदर्श विवाह से पूरे गाँव मनमोहित हो गया । इस सुखद घड़ी पर मौके पर वर वधु के जीवन में सुख समृद्धि का कामना करने वालो में भीम आर्मी जिला सचिव राहुल अम्बेदकर, बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव अंबेदकर, संरक्षक जितेंद्र कुमार, बरही पश्चिमी पंचायत अध्यक्ष अनुज कुमार, सुनील आनंद, विरेंद्र कुमार, श्याम कुमार, सुभाष कुमार, सुरेंद्र कुमार, नकुल कुमार, रवि कुमार, अरुण कुमार, मुकेश कुमार, संतोष रविदास, बनवारी कुमार, मिथुन कुमार, सुरेश रविदास, राजेश कुमार, अनिल कुमार, नारायण हांसदा, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, कृष्णा कुमार, किशोरी रविदास, दिलीप कुमार, बासु कुमार, लालमुनी दास, रोहित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## कोर्ट की खबरें

# दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में मंगलवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बोकारो जिले के चीराचास निवासी अमन खान को बीस वर्ष की सश्रम कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। अदालत ने एक मई को अमन खान को दोषी करार देते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। एक अन्य आरोपी राजकुमार यादव को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया था। अभियोजन का संचालन पोक्सो के विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने किया। पीड़िता ने 27अक्टूबर 2020 को जोरापोखर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। 12 सितंबर 2020 को अमन खान पीड़िता को अपनी मोटर साइकिल पर बैठा कर बोकारो अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। अदालत ने 26 अप्रैल 2022 को आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया। अभियोजन ने चार लोगों की गवाही कराई थी।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुराचार के मामले में मंगलवार को धनबाद के पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बिहार के गया जिले के डुमरी निवासी उत्तम राज शर्मा को दोषी करार देते हुए उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अदालत ने सजा पर सुनवाई की तारीख 3 मई तयकर दी है। एक सितंबर 2021 को पीड़िता के पिता ने धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। 19 फरवरी 2022 को पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत उत्तम राज शर्मा के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था। 22 मार्च 2022 अभियोजन ने पांच लोगों का मुख्य परीक्षण कराया था।

### लाला हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी लाला खान की हत्या के चर्चित मामले में मंगलवार को अभियोजन ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने अपर लोक अभियोजक कुलदीप शर्मा को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। जमीन कारोबारी मोहम्मद असरफ अल हसन उर्फ लाला खान की 12 मई 21 को दोपहर करीब 3 बजे गोली मारकर हत्या की गई थी। जब्बार मस्जिद के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारी थी।

### उपेन्द्र सिंह हमला कांड में सुनवाई

**धनबाद।** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला के मामले की सुनवाई मंगलवार को अदालत में हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 22 मार्च को शहर के व्यस्ततम क्षेत्र बैंक मोड़ में होटल ब्लैक रॉक के पास रिकवरी एजेंट उपेन्द्र सिंह को अज्ञात हमलावारों ने गोली मार दी थी।

# नाबालिग से शादी रचाने हरियाणा से आए थे कोडरमा, पहुंचे जेल






**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** आए थे शादी रचाने और पहुंच गए जेल। ऐसा मामला मरकच्चो के जामू में हुआ जहां 15 वर्षीय नाबालिग लडकी से शादी रचाने के मामले में दूल्हा, पंडित, 5 महिलाओं और वर-वधू के पिता को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। मरकच्चो पुलिस ने सोमवार को दुल्हा राजू यादव समेत शादी कराने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया था। इनमें दूल्हा पक्ष से सात लोगों को तथा वधू पक्ष के पिता दिलीप साव व शादी कराने आए पंडित बिक्रम पांडेय को मंगलवार को कोडरमा जेल भेज दिया। बताया गया कि दूल्हा राजू यादव (39), साकिन पालम बिहार गुडगांव, हरियाणा का निवासी है। शादी रचाने हरियाणा गुडगांव निवासी रेखा देवी (38), रूबी कुमारी (20), सुमित साव (18), बिनीता कुमारी (21), अजय साव (25) सभी साकीन चौमा थाना पालम बिहार जिला गुड़गांव हरियाणा निवासी भी आये थे। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी कोडरमा नरेंद्र कुमार सिंह ने मरकच्चो थाना में इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में बीडीओ पप्पू रज्जक व थाना प्रभारी लव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मामला बाल तस्करी से जुड़ा है। राजू यादव दिखावे के लिए नाबालिग से 2 मई को शादी करने वाला था लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य तस्करी कर उसे अपने साथ ले जाना था। यह शादी ग्रामीणों को बरगालाने के लिए रची गई थी।

# गोमो रेल क्वार्टर से 4.50 लाख की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** हरिहरपुर थाना अंतर्गत रेल नगरी गोमो के बी टाइप कॉलोनी में 2 मई को दिनदहाड़े साढ़े चार लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रेलकर्मी सुधीर तुरी वरीय गाड़ी लिपिक हैं। उनका क्वार्टर संख्या 29/ ए बी है। तबीयत खराब होने पर पत्नी काजल देवी के साथ इलाज के लिए धनबाद चले गए थे। जब वह दोपहर 3 बजे लौटे तो उनके क्वार्टर का ताला टूटा पड़ा था. क्वार्टर के भीतर सामान बिखरे हुए थे। पड़ताल करने पर पता चला कि उनकी पत्नी के जेवर, पुराने जमाने का रखा हुआ चांदी का झुमका, पांच हजार रुपये नगद, फ्रिज में रखे अन्य सभी सामान गायब थे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पास पड़ोसियों को दी। गोमो उत्तर के मुखिया संजय सिंह को बताया। उसके बाद हरिहरपुर थाना को लिखित सूचना दी। हरिहरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर पड़ताल में जुटी है।

# कृतिका इंटरप्राईजेज के गोदाम को किया सील



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह वन प्रमंडल के सदर रेंजर एसके रवि ने 2 मई की सुबह माइका पाउडर से भरे एक ट्रक को शहर के बरगंडा चौक स्थित एक माइका फैक्ट्री के बाहर से जब्त किया। ट्रक को रेंजर ने मुफ्फसिल थाना पुलिस को सौंपतें हुए इसकी जानकारी डीएमओ सतीश नायक को दिया। कार्रवाई नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी के अगुवाई में किया गया। कुछ घंटो बाद ही जब्त माइका पाउडर के आधार पर एसडीएम विशालदीप खलखो के नेत्तृव में शहर के बरगंडा रोड़ स्थित कृतिका इंटरप्राईजेज नामक माइका पाउडर के गोदाम में छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में पता चला कि लोड माइका पाउडर इसी कृतिका माइका पाउडर फैक्ट्री में अनलोड किया गया था। जो छापेमारी के क्रम में बरामद भी किया गया। करीब पांच घंटे की कार्रवाई के दौरान कृतिका इंटरप्राईजेज गोदाम को सील कर दिया गया। छापेमारी के क्रम में मकान सह गोदाम मालिक तो नहीं मिले लेकिन उनकी पत्नी और बेटे जरुर मिले। छापेमारी में एसडीएम के साथ सदर सीओ रविभूषण प्रसाद, माइनिंग इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी और सर्किल इंस्पेक्टर जीतेन्द्र प्रसाद भी मौजूद थे।

### फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग दो लाख का नुकसान

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पचम्बा थाना इलाके के अलकापुरी चौक में सोमवार 1 मई की सुबह एक घर में आग लग गई। घटना के वक्त गृह स्वामी प्रेम सागर सिंह बाजार गए थे। घर में उनकी पत्नी अकेले थी। इसी दौरान फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने पूरे घर को अपने जद में ले लिया. समय रहते प्रेम सागर सिंह की 75 वर्षीय पत्नी घर से बाहर निकल गईं। इसी दौरान पड़ोस के कुछ युवक मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गये। घटना की जानकारी पचम्बा थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। आग घर के पहले तल्ले में लगी थी, जिसके कारण दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने से घर में रखा सारा समान जल कर खाक हो गया।

# लूटपाट करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सरिया कॉलेज के पास बीते 28 अप्रैल की दोपहर 12:30 बजे धनवार के कुबरी थाना क्षेत्र के रहने वाले 20 वर्षीय पिन्टू कुमार नामक युवक से लूटपाट करने वाले अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ अनिल सिंह ने पुराना पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय में मंगलवार 2 मई को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में सरिया पुलिस इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह और थाना प्रभारी संतोष कुमार मौर्य के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि तकनीकी व विभिन्न सूत्रों के सहायता से लगातार छापामारी करते हुए इस कांड में संलिप्त आलोक कुमार उर्फ पारस उम्र करीब 26 वर्ष, विवेक पाण्डेय उम्र करीब 22 वर्ष दोनों ग्राम छोटकी सरिया थाना सरिया और सूरज कुमार उम्र करीब 24 वर्ष ग्राम चन्द्रनगर थाना धनवार ( घोड़थम्बा ओ०पी० ) नामक तीन अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी निशानदेही पर लूटे गये नगद रुपये में से कुल 18 हजार पांच सौ रुपये, ब्लूटूथ हेडफोन और कांड में प्रयुक्त दो मोबाइल और दो मोटरसाइकिल को बरामद कर जब्त किया गया। पिंटू 28 अप्रैल की दोपहर अपनी बाइक से जा रहा था।

### लातेहार : आग लगने से घर के सारे सामान जलकर राख

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र स्थित तरवाडीह पंचायत के बनबिरवा गांव में एक घर में आ लग गयी। इस अगलगी में घर के लाखों के सामान जलकर राख हो गया। जिससे फुलेदव सिंह को काफी नुकसान हुआ है। फुलदेव सिंह ने बताया कि घर में खाना बन रहा था। इसी दौरान आग की चिंगारी से रसोई में रखे कपड़े और अन्य सामग्रियों में आग लग गयी। अगलगी की घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गयी। शोर सुनकर पड़ोस वाले आये और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक पूरे घर में आग फैल गयी। आस-पास के लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दिया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर और उसमें रखे सारे सामान जल राख हो चुके थे। फुलदेव सिंह ने कहा कि घर का सारा सामान जल गया है। खपरैल छत भी जल चुका है।

## आस्था

### नावाडीह प्रखंड में सात दिवसीय मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आयोजित

# कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू, उमड़े भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पेक हनुमान मंदिर प्रांगण में 2 मई को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री श्री 1008 मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हुआ। गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मंत्री स्व जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो ऊर्फ राजू, प्रमुख पूनम देवी, यशोदा देवी, टिकैत कुमार महतो, मुखिया विश्वनाथ महतो, सुखमति देवी, पंसस प्रीति देवी, कविता देवी, गौरीशंकर महतो, नवीन सोरेन, नुनूचंद महतो ने कुंवारी कन्याओं व महिलाओं के माथे पर कलश देकर यात्रा की शुरूआत की. यात्रा पेंक गांव होते हुए उतरावाहिनी नदी पहुंची जहां मुख्य आचार्य बालमुकूंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन और वरुण देव का आह्वान कर जल लेकर मंदिर प्रांगण के लिए प्रस्थान किया। यात्रा में शामिल भक्त जय श्री राम, हर हर गंगे का जयघोष कर रहे थे। यज्ञ मंडप में पहला दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, अग्नि स्थापना के बाद हवन किया गया। यज्ञ में मुख्य पुजारी नागेश्वर महतो व उनकी धर्मपत्नि सोहरी देवी हैं। यात्रा में गुरू प्रसाद पटेल, सरयु पांडेय, छोटीलाल शर्मा, मिश्रीलाल महतो, गजाधर महतो, भुवनेश्वर राम तुरी, जानकी महतो, शुभम वर्णवाल, बालगोविंद महतो, पंकज पांडेय, हरेंद्र महतो, रामदास नायक, दिलीप महतो, पोखलाल महतो, प्रकाश नायक, शंभु सोनी, प्रमेश्वर महतो, सन्नी वर्णवाल, राजू पांडेय, नरेश वर्णवाल, आदित्य पांडेय, गुड्डू वर्णवाल, सहदेव पांडेय, धानेश्वर महतो आदि शामिल थे।



## जल जीवन मिशन के तहत उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को किया गया जागरूक




**जयनगर ।** जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय जयनगर मे बच्चों के बीच जरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम ई जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (झारखण्ड सरकार)के तत्वाधान मे आईएसए संगीता कुमारी के द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम मे आईएसए संगीता कुमारी ने बच्चों को जल का बचाव कैसे करें इस पर जानकारी देते हुए कहा कि हम जल का संचय कई माध्यम से कर सकते है। जल का बचाव हम जल को आवश्यकता अनुसार खर्च कर बचत कर सकते है। वारिश का पानी को जमा कर बचाव कर सकते है। साथ ही साथ नल मे आने वाले पानी को नल बंद कर भी बचाया जा सकता है। इन सभी जानकारी को विद्यालय के बच्चे काफी गंभीरता से सुन व समझ रहे थे। वही विद्यालय कि प्रभारी प्रधाध्यापक कुमारी निभा ने बताया कि विद्यालय मे इस प्रकार के आयोजन बराबर किया जाता है। और बच्चे भी काफी उत्सुकता से इन आयोजनो के बारे मे समझते है। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के सहायक अध्यापक मिन्हाज खान, सायका ऐनाम विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

## डाक कर्मचारियों ने की मान्यता को पुनः बहाल करने की मांग, विरोध में लगाया काला बिल्ला



**झुमरी तिलैया।** नेशनल फेडरेशन ऑफ पोस्टल एम्प्लाइज (एन फ टी ई) कि मान्यता केंद्र सरकार के द्वारा समाप्त किये जाने को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के आह्वान पर राष्ट्र व्यापी काला दिवस मनाया गया। कोडरमा के डाक अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालयों मे काला बिल्ला लगाकर इसे वापस लेने कि मांग की डाक कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद यादव ने झुमरी तिलैया मे बताया कि मान्यता वापस करने कि मांग को लेकर काला बिल्ला लगया गया और कई सुविधाओं को भी वापस लिया गया है. ऐसे मे सरकार मांग नहीं मानती है तों आने वाले दिनों मे आंदोलन को और तेज किया जायेगा।मौके पर ओपीएन गोलक, मंटू वर्मा, गोपाल लहेरी, सौरव कुमार, सहजादा अहमद, उमेश कुमार, टोप्पो दास सुमन कुमार,खुशबू कुमारी,नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीहः माइका पाउडर से लोड ट्रक जब्त

**गिरिडीह।** गिरिडीह वन विभाग की टीम ने मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा चौक में छापेमारी कर माइका पावडर लोडेड एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में भारी मात्रा में माइका का पाउडर लोड था। टीम ने ट्रक को जब्त कर वन विभाग कार्यालय भेजा। बताया गया कि ट्रक में करीब 100 से अधिक बोरी में माइका का पाउडर भरा है। माइका कारोबारी गैर पावडर बनाकर को तस्करी के लिए गिरिडीह स्थित माइका फैक्ट्रियों में भेजते हैं। सूचना पर डीएफओ ने छापेमारी कर वाहन को जब्त किया है। बताया गया कि माइका के पाउडर की कीमत लाखों रुपये है।

## चोरों ने 50 हजार की संपत्ति चुराये

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र में मनईटांड़ भवतारिणी पथ निवासी नितिन कुमार के घर से चोरों ने सोमवार की रात नगद सहित लगभग पचास हजार के आभूषण की चोरी कर ली। नितिन ने धनसार थाना में मामला दर्ज कराया है। उनका कहना है कि घर में उनकी मौसी गिरिजा देवी सोई हुई थी। तभी चोरों ने घर में घुसकर बक्से में रखे बारह हजार नगद एवं पचास हजार के आभूषण चुरा लिये। मौसी की नींद खुली तो देखा कि उसका बक्सा टूटा हुआ है। उसमे रखे पैसे और आभूषण गायब थे।

## बैंक मोड़ में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**धनबाद।** धनबाद शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मंगलवार 2 मई को नगर निगम की टीम ने बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। अतिक्रमित दुकानों को हटाया और उन्हें चेतावनी दी। हालांकि कई दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, कुछ दुकानदारों ने अपनी लाचारी का रोना भी रोया। नगर निगम अधिकारी का कहना है कि सड़क के किनारे दुकान लगाने से यातायात बाधित होता है तथा राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क सुरक्षा की बैठक में कई बार यह मुद्दा उठाया जा चुका है। इसीलिए नगर आयुक्त के आदेश पर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। दुकानदारों को दुबारा दुकान न लगाने की हिदायत भी दी गई है।

## अज्ञात बीमारी से कबूतरों की हो रही है मौत

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों में इन दिनों कबूतरों की मौत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कबूतर उड़ते-उड़ते जमीन पर गिरकर मूर्क्षित हो जा रहे हैं और कुछ देर में उनकी मौत हो जा रही है। पिछले एक सप्ताह में करीब पांच सौ से भी अधिक कबूतरों की मौत हो चुकी है.। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सीएचसी गांडेय के चिकित्सकों को दी। सूचना मिलने पर प्रखंड पशु चिकित्सा प्रभारी सुनील तिवारी ने मृत पड़े कबूतरों को देखा। उन्होंने कहा कि मरे हुए कबूतर को जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने पर ही बीमारी का पता चल सकेगा।

## नाबालिग का रेस्क्यू कर चाइल्ड लाइन को सौंपा

**बोकारो।** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ पोस्ट बोकारो ने घर से भागी एक नाबालिग लड़की का रेस्क्यू किया। रेलवे सूत्रों के अनुसार सोमवार 1 मई को मेरी सहेली टीम में शामिल लेडी कॉन्स्टेबल सुषमा और किरण टोप्पो, स्टेशन पेट्रोलिंग स्टाफ लेडी कॉन्स्टेबल ट्विंकल कुमारी और सब इंस्पेक्टर अरुणा उरांव बोकारो स्टील सिटी स्टेशन परिसर की जांच की जा रही थी। इसी दौरान अचानक लगभग 10:00 बजे एक नाबालिग लड़की को प्लेटफार्म नंबर 2 पर बदहवासी की हालत में अकेले घूमते हुए देखा। टीम ने उसे रोक कर पूछताछ किया। लड़की ने अपना नाम और पता सहयोक्ता कुमारी, उम्र लगभग 15 वर्ष, पिता मनोहर रजवार, ग्राम-धंदाबार (सिमुलिया टांड), पोस्ट-अलकुशा, थाना चास, जिला बोकारो बताया। उसने यह भी बताया कि अपने घरवालों को बताए बिना घर से भागकर आई है। उसके पास कोई यात्रा टिकट और उसके अभिभावक का संपर्क नंबर नहीं है।

## सरकारी तालाब की खुदाई में धमाके से थर्राया इलाका, झामुमो नेता सहित दो गिरफ़्तार

**गिरिडीह।** पचंबा थाना पुलिस ने सोमवार 1 मई को अवैध विस्फोटक से सरकारी तालाब खोदने के आरोप में झामुमो नेता सह करहरबारी के पूर्व मुखिया अर्जुन रवानी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्व मुखिया को विस्फोटक सप्लाई करने वाला व्यक्ति भी फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर तालाब बनाने के लिए विस्फोटक से गड्ढ़ा किया जा रहा था, वहां से न्यू समाहरणालय भवन महज एक किमी दूर है। सोमवार को पूर्व मुखिया अर्जुन रवानी के साथ विस्फोटक के आपूर्तिकर्ता मो.शमसेर ने जब विस्फोट किया, तो करीब आधा किमी का इलाका तेज आवाज से थर्रा उठा। भूकंप की आशंका में डरे सहमे ग्रामीण घर से बाहर निकल गए। ग्रामीणों को जब सच्चाई पता चली तो मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया। जिसके बाद ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई।

द्रौपदी दीन नहीं थी। जब कभी उसने आंसू बहाए भी है, वे आक्रोश के साथ बहे हैं। उसकी तेजस्विता उसे दीन होने ही नहीं देती थी। यही कारण है कि द्युत प्रसंग में घसीटकर सभा में लाए जाने पर भी उसने दया की भिक्षा नहीं मांगी, वह असहाय की तरह रोई चिल्लाई नहीं। उसने सभासदों को धिक्कारा और धर्म के विषय में प्रश्न पूछा। उसने युधिष्ठिर को दोषी नहीं ठहराया, किंतु उसने यह अवश्य पूछा कि क्या उसे धर्मपूर्वक जीता गया है? - *ठाकुरजी*



# अतिक्रमण पर चुप्पी

***झारखंड*** में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का खेल जारी है। अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे इस खेल को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। ऐसे तत्व आसानी से सरकारी जमीन के अलावे खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सबसे पहले यह खाली जमीन पर एक टेबल रखते हैं। फिर ठेला लगाते हैं। इसके बाद पूरी की पूरी दुकान सजा लेते हैं। इस नायाब तरीके से उस जमीन पर अतिक्रमणकारी कब्जा कर लेते हैं। ऐसे लोग कहीं से गरीब नहीं होते हैं। बस उसका जामा पहनकर ऐसे कामों को अंजाम देते हैं। सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा के बाद इनकी रंगदारी शुरू हो जाती है। सड़कों के सिकुड़ने से उन्हें कोई अंतर नहीं दिखता है। अपने पुराने तरीके से बदस्तूर जमीनों पर कब्जा हर जगह जारी है। ऐसे गिरोहों के पास अकूत सम्पत्ति होती है। लेकिन आदतन फुटपाथ पर हक जताना इनका स्टेटस होता है। इस मामले में नगर निगम की चुप्पी सभी जगहों पर देखने को मिलती है। पलामू की बात करें तो मेदिनीनगर शहर के कई नालों पर घर बना हुआ है। जिस कारण सफाईकर्मी सफाई नहीं कर पाते हैं। इसकी शिकायत करने पर निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कई वार्ड आयुक्त कहते हैं कि अब चुनाव का वक्त आ रहा है। ऐसे में वोट नहीं मिलेगा। इस बार जीत दिलाइये। अगली बार देख लेगें। कब्जा करने वालों के पास अपने तौर तरीके होते हैं। आस-पास के सबल लोगों को यह अपने पक्ष में कर लेते हैं। कोई विरोध करता है तो उसे ताकत दिखा कर चुप करा देते हैं। देखा जाये तो अतिक्रमणकारियों को नगर निगम के आला अधिकारी और निर्वार्चित सदस्यों का सहयोग किसी न किसी रूप में मिलता है। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। यह स्थिति पूरे झारखंड में है। राजधानी रांची की बात करें तो बूटी मोड़ से कोकर तक इसका जाल बिछा हुआ है। इसके पीछे एक कंपनी लगी हुई है। कहने को तो यह कंपनी इस सड़क पर निर्माण का कार्य करने जा रही है। लेकिन इसने कई नालियों पर कब्जा कर लिया है। जब राजधानी का आलम यह है तो अन्य जगहों का क्या होगा। इसे सहज समझा जा सकता है। ऐसे में हाल के दिनों में एक अच्छी पहल सरकारी जमीनों पर देखी जा रही है। चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी तरफ सरकारी जमीन और कार्यालय के पास की जमीन को घेरा जा रहा है। इस घेराव के कारण यह तय है कि अतिक्रमणकारी की दाल यहां नहीं गलेगी। यह देखा जा रहा है कि बढ़ती आबादी और तंग सड़कें कई परेशानियों का सबब बन रहे हैं। इसके पीछे अतिक्रमण बड़ा कारण है। जिससे रोजमर्रा के कामों में व्यवधान तो आ ही रहा है,दूसरी तरफ सड़क दुर्घटनाओं में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती आवश्यक है। सरकार के साथ नगर निगम को आगे आने की जरूरत है। यह समस्या आने वाले दिनों में और विकराल रूप के साथ हमारे दरवाजे पर दस्तक देनी शुरू कर देगी। ऐसे में अभी भी वक्त है, इस गंभीर समस्या को हम-सब हल्के में न लें। बाद के दिनों में यह एक बड़ी परेशानी के रूप में सामने आने वाली है।

**सड़क और रेल मार्ग से मरीज को ले जाना संभव नहीं रहता है। इसमें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही इसमें काफी समय भी लगता है। कई बार देखा जाता है कि बीमार व्यक्ति की जान भी चली जाती है।**

# गांधी पथ पर राहुल





आलोक रंजन झा दिनकर

***भारतीय*** राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मानहानि के एक मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा अधिकतम दो साल की सजा सुनाए जाने और फिर लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किए जाने के तुरंत बाद सरकारी बंगला भी खाली करा लिया गया। 'डिस-क्वालीफाइड' सांसद ने इस घटना को 'सत्य की कीमत' बताते हुए आगे भी सच्चाई की राह पर चलते रहने की बात कही है। मौजूदा दौर में, जब ज्यादातार लोग 'सच बोलने की सजा' के भय से खतरनाक चुप्पी साधे हुए हैं, उनकी यह नैतिकता और निडरता संविधान, लोकतंत्र, देश और सामाजिक ताने-बाने पर 'संगठित हमलों' से चिंतित लोगों के बीच बड़ी उम्मीद जगाती है। वह आज की अनैतिक राजनीति में नैतिकता और धर्म यानी सत्य की पुनर्स्थापना के अपने मिशन के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। कहा जा सकता है कि राहुल गांधी वह महान काम कर रहे हैं, जिसको पहली बार करने का श्रेय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को जाता है।

राजनीति न केवल वर्तमान में बल्कि प्राचीन काल से समाज को प्रभावित करने वाली शक्ति मानी गई है। अरस्तु का मानना था कि राज्य जीवन के लिए अस्तित्व में आता है। अर्थात राजनीति का प्रमुख उद्देश्य 'उत्तम जीवन' की सिद्धि करना है। कहा गया है कि 'राजा कालस्य कारणम्' अर्थात राजसत्ता अच्छी या खराब स्थिति उत्पन्न करने वाली प्रभावशाली तंत्र है। यानी जैसी राजनीति होगी परिणाम भी वैसा ही प्राप्त होगा। राजनीति जब नैतिकता विहीन हो जाती है, तो इसके कारण कई गंभीर स्थितियां उदित होती हैं। सबसे पहले, सत्ता नीति विहीन हो जाती है और उसकी कार्यप्रणाली एवं व्यवहार में मानवीय मूल्यों का समावेशन खत्म हो जाता है। अपराधियों का बोलबाला होता है और राजनेता संकुचित स्वार्थों की पूर्ति में लिप्त रहते हैं। भ्रष्टाचार व्याप्त होता है और खुशामदी प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है। सत्ताधारी दल में भाई भतीजावाद बढ़ता है और समाज में दबंग लोगों का प्रभुत्व स्थापित होता है। मूलभूत मानव अधिकारों का उल्लंघन होता है और जनता में असुरक्षा का भाव पनपता है। और सबसे महत्वपूर्ण, अर्थव्यवस्था में गिरावट आती है एवं सरकारी कार्यों, न्यायालयों के निर्णयों से लोगों का विश्वास उठ जाता है।

गांधीजी के आगमन से पहले राजनीति आज की तरह ही धर्म यानी सत्य और नैतिकता के सभी नियमों को ताक पर रखने वाले दुष्ट, चालाक, अवसरवादी, विवेकशून्य राजनीतिज्ञों का रंगमंच मानी जाती थी। आम आदमी की दृष्टि में दूसरों को मूर्ख बनाना तथा धोखा देना ही राजनीति माना जाता था। गांधीजी ने छल कपटपूर्ण राजनीति की निंदा करते हुए इसे सांप की संज्ञा दी है। उनका मानना था कि राजनीति और धर्म समाज के प्रत्येक क्रिया कलाप को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य प्रभावित करती है। यदि इन दोनों का मेल कर दिया जाए, तो इससे बढ़कर जनकल्याण का साधन अन्य दूसरा कोई नहीं हो सकता। गांधीजी ने राजनीति को नया रूप देने के लिए राजनीति को सत्य और अहिंसा पर आधारित करके इसमें उच्च नैतिकता और धार्मिकता की भावना का समिश्रण किया। इस तरह गांधीजी ने राजनीति का आध्यात्मीकरण करके जो संदेश तब की नैतिकता विहीन राजनीति और राजनीतिज्ञों को दिया था, वहीं संदेश आज राहुल गांधी दे रहे हैं।

**राहुल गांधी वह महान काम कर रहे हैं, जिसको पहली बार करने का श्रेय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को जाता है। वह आज की अनैतिक राजनीति में नैतिकता की पुनर्स्थापना के मिशन के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं।**

## इन दिनों

ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद के घटनाक्रमों ने न सिर्फ आम अवाम के बीच राहुल गांधी की छवि को बदला और मजबूत किया है, बल्कि उनकी स्वीकार्यता पार्टी लाइन से परे चली गई है। वह 'परिवर्तन का प्रतीक' बनकर पूरी राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। कहा जा सकता है कि वह गांधीजी की तरह ही किसी पद और शक्ति के मोह से परे एक ऐसे 'राजनीतिक संत' के रूप में देखे जा रहे हैं, जिनका प्रभाव लगातार व्यापक होता जा रहा है। वह एक टी-शर्ट में करीब चार हजार किलोमीटर लंबी पदयात्रा करते हैं और गांधीजी की तरह ही राजनीति और धर्म यानी सत्य के बीच एक अटूट रिश्ता कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अपनी जीवनशैली के जरिए राहुल गांधी हमेशा उद्देश्ययुक्त राजनीति के सबसे मजबूत पैरोकार रहे हैं। पिछले वर्षों में उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी राय रखी है, लेकिन गांधीजी की तरह ही सत्य, अहिंसा, समानता और न्याय पर हमेशा उनका विशेष जोर रहा है। उन्होंने भारतीय राजनीति और इतिहास के साथ गहरे जुड़ाव के माध्यम से इन खूबियों को आत्मसात किया है और भारतीय सामाजिक ताने-बाने के प्रति गहरी समझ विकसित की है। अपने पिता और दादी दोनों को हिंसा और घृणास्पद घटनाओं में खोने के दर्द का अनुभव करने के कारण वह हमेशा सत्य और अहिंसा के गांधीवादी दर्शन के हिमायती रहे हैं।

नैतिकता विहीन राजनीति किसी का अहित ही नहीं करती अपितु प्रशासनिक तंत्र, समाज एवं राजनेताओं के लिए अंततः अनर्थकारी सिद्ध होती है। यह प्राचीन और वर्तमान के कई उदाहरणों से भी सिद्ध होता है। ऐसे में न केवल इसके खतरे को रेखांकित करना समय की मांग है, बल्कि इसे दूर करने के लिए समाज एवं सरकार में नैतिकता की सृष्टि करना परम आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले पाठ्यक्रम में नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों का समावेशन जरूरी है, क्योंकि आज के छात्र ही कल के नागरिक एवं मूल्यपरक राजनीति के सूत्रधार बनेंगे। जनप्रतिनिधि के चयन के समय चरित्रवान व्यक्ति को वरीयता देना होगा और प्रयास करना होगा कि ऐसे व्यक्तियों को ही टिकट देने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही भ्रष्ट राजनेताओं और नैतिकता विहीन राजनीति को समाज एवं मीडिया द्वारा सामने लाकर उसकी भर्त्सना की जानी चाहिए।

1970 में जन्में और प्रतिष्ठित कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एमफिल की डिग्री प्राप्त करने वाले राहुल गांधी के लिए हालांकि आगे की राह आसान नजर नहीं आ रही है। वह जिस शक्ति के खिलाफ खड़े हैं, वह ब्रिटश साम्राज्य से भी खतरनाक मानी जाती है। ऐसे में जनजागरण कर ही यह कठिन लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। वहीं राजनीति के शुद्धिकरण का लक्ष्य सामाजिक दर्शन एवं चिंतन में नैतिकता और धर्म यानी सत्य को स्थापित कर ही प्राप्त किया जा सकता है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि 'नफरत व विभाजन' की राजनीति के खिलाफ 'प्रेम व एकता' के संदेश के साथ लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने की राहुल गांधी की सोच और रणनीति ही कांग्रेस पार्टी को एकजुट भारत का सच्चा प्रतिनिधि बनाती है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा*

***और*** सृष्टि के रचना में यदि सृष्टि रचना से पूर्व ही अहंकार व्याप्त हो गया तो असमय ही सम्पूर्ण सृष्टि अहंकार के भाव से ग्रसित हो जाएगी। इसलिए उन्होंने अहंकार रूपी ब्रह्मदेव के उस पांचवें सर को काटने का निर्णय लिया। परन्तु इसमें भी एक समस्या थी। भगवान शिव इस बात को जानते थे की यदि उन्होंने ब्रह्मदेव का सर काटा तो उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लगेगा और यदि उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लगा और उसमें उलझकर के वो त्रिमूर्ति से अलग हो जाएंगे और असंतुलन व्याप्त हो जाएगा। इसी कारण सर्व समर्थ भगवान रूद्र ने अपने ही अंश से एक ऐसे विकराल गण को उत्पन्न किया जो कृष्णवर्ण के थे। अस्थियों के आभूषणों से सुशोभित थे, उस दिव्य पुरुष को देखकर और उनकी गर्जना को सुनकर ऐसा लगता था मानो लाखों भयानक काले मेघों ने जीवंत रूप ले करके गर्जना की हो। उनकी जटाएं देख कर ऐसा प्रतीत होता था मानो असंख्य भयानक विषधर हो। उनके मस्तक पर श्वेत त्रिपुण्ड की तीन रेखाएं ऐसी लगती थी मानो चन्द्रमा ने उनके ललाट पर शुशोभित होने के लिए स्वयं को तीन टुकड़ों में विभक्त कर दिया हो, उन परम उग्र देवता की लम्बी भुजाएं ऐसी लगती थी मानो लौह स्तम्भ हो, भयानक अष्टमहानाग जिनका यज्ञोपवीत बने इतरा रहे थे, कमर पर बंधे मोटे मोटे घुंघरुओं से ऐसी आवाज आ रही थी जिससे ह्रदय विदीर्ण हो जाए। उस महाकाय महाबाहु गण को भगवान शिव ने स्पष्ट शब्दों में कहा की ब्रह्मदेव के पांचवें सर का छेदन कर दो। इतना सुनते ही उस वीर ने आव देखा न ताव अपने नाखून के एक ही प्रहार से ब्रह्मा का पांचवां सर उखाड़ लिया परन्तु वो सर उनके हाथ में ही चिपक गया। जब उन्होंने भगवान शिव से इसका कारण पूछा तो उन्होंने उनसे कहा की ये केवल ब्रह्मा का सिर नहीं है अपितु ब्रह्महत्या है। इस ब्रह्महत्या के फलस्वरुप तुम्हें श्रापित होना पड़ेगा उन्होंने कहा की तुमने ब्रह्मा *(क्रमशः)*

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और नव जागरण



मृत्युंजय दीक्षित

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने अपनी 100 कड़ियां सफलतापूर्वक पूर्ण कर इतिहास रच दिया। यह आकाशवाणी के इतिहास का ऐसा कार्यक्रम बना जिसमें प्रधानमंत्री ने आम जनता से सीधा संवाद किया और इसे राजनीति से पृथक रखा। यह एक सुखद अनुभव है कि 'मन की बात' भारत में बदलाव का बड़ा संवाहक बना। भारतीय समाज को निराशा और अंधकार से निकालने में मदद दी। विकास और प्रगति को नए पंख दिए। 'मन की बात' से भारत की सांस्कृतिक विरासत पुनर्जीवित हुई।भूली परम्पराएं फिर याद आईं। हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण हुआ।

जैसे दूरदर्शन के इतिहास में रामायण धारावाहिक संपूर्ण भारत में लोगों को घरों में टीवी सेट के सामने बैठा देता था, वैसे ही आज हर माह के अंतिम रविवार को लोग 'मन की बात' को सुनने के लिए बैठ जाते हैं। ऐसा नहीं है कि 'मन की बात' को केवल मोदी समर्थक ही सुनते हैं। इसे परम्परागत राजनीतिक विरोधी सुनते हैं। विश्व के 53 देशों में 'मन की बात' का सीधा प्रसारण होना बड़ी बात है और उससे भी बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में जो विचार व्यक्त करते हैं या संदेश देते हैं उसे देश का हर आयु वर्ग का नागरिक व्यवहार में लाने का प्रयास भी करता है। इसलिए वह जन आंदोलन बन जाता है।

यह कार्यक्रम 'सेल्फी विद डॉटर' जैसे अभियानों के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफलता का भी गवाह है। स्वच्छता आंदोलन तो व्यापक रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में ही समुद्र किनारे फैले कचरे व उसकी सफाई पर नागरिकों का ध्यान केंद्रित किया था। 'मन की बात' में कई बार यह अपील की गई कि देश के युवाओं व अन्य सभी नागरिकों को वर्ष में एक बार कही न कहीं तीर्थाटन पर अवश्य जाना चाहिए। मोदी कहते हैं कि विदेश यात्रा पर जाने से अच्छा है कि अपने ही देश के अपने राज्य या फिर अन्य दूसरे राज्यों के 15 ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना चाहिए। उनको जानना और समझना चाहिए। पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी 'मन की बात' अहम माध्यम सिद्ध हुआ। आज देश के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों में बहार आई हुई है। धार्मिक पर्यटन को भी खूब बढ़ावा मिला है। नये पर्यटक स्थलों की भी खूब चर्चा हो रही है। महाराष्ट्र की पंढरपुर और सुदूर मणिपुर और सौराष्ट्र के स्थलों को बहुत सारे लोगों ने 'मन की बात' से ही जाना। पर्यटन के साथ प्रधानमंत्री लोकल फॉर वोकल को भी बढ़ावा देते हैं। इसी का प्रभाव है कि स्थानीय उत्पादों को लोग पसंद कर रहे हैं। इनकी मार्केटिंग के सफलता का आसमान चूम रही है। अब दीपावली पर चाइना मेड गणेश- लक्ष्मी की मूर्तियां नहीं, देश में निर्मित मूर्तियां पसंद की जा रही हैं। दिवाली पर ही बिकने वाली चीनी झालरों का मार्केट गिर चुका है। कुम्हार का चाक एक बार फिर घूमने लगा है। प्रधानमंत्री की अपील पर अब बच्चों के खिलौनों की भी दुनिया में भी नई क्रांति आ रही है। इनमें भी चीन का वर्चस्व खत्म हुआ है। प्रधानमंत्री की बात का बच्चों पर असर पड़ा है। वह अब दादा-दादी और नाना- नानी की कहानी सुनने लगे हैं। शिक्षण संस्थाओं में ऐसी कहानियों पर कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा है। 'मन की बात' की एक और सफलता भारत में डिजिटलीकरण की धूम होना है। मन की बात ने जल संरक्षण अभियान को सफल बनाया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया है।योग, आयुर्वेद और अध्यात्म का संगम लोगों के दिलों में हिलोर मारने लगा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे संकल्पों को पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

**जैसे दूरदर्शन के इतिहास में रामायण धारावाहिक संपूर्ण भारत में लोगों को घरों में टीवी सेट के सामने बैठा देता था, वैसे ही आज हर माह के अंतिम रविवार को लोग 'मन की बात' को सुनने के लिए बैठ जाते हैं।**

## देश-दुनिया

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Rajasthan Tak
@Rajasthan_Tak
गहलोत के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास बोले- BJP हमारे साथ पार्टी करती है, अंदर हम सब एक हैं, पता नहीं क्यों जनता परेशान होती है

## फेसबुक वॉल से

हिंदी सिने जगत के पितामह दादा साहेब फाल्के के 153वें जन्मदिवस के अवसर पर रांची के अधिवक्ता व कथाकार कफीलूर रहमान के उपन्यास अर्धनारी का विमोचन दादा साहेब फाल्के के ग्रैंड सन चंद्रेशेखर पालसोकर के हाथों मुंबई फ़िल्म सिटी में रविवार को हुआ। जहाँ फ़िल्म अभिनेता राजन कुमार उर्फ चार्ली चैप्लिन दित्ये ने उपन्यास की पात्रा अमृता अर्धनारी की भूमिका में सभी उपस्थित मेहमानों का समारोह में मनोरंजन किये। समारोह का भव्य आयोजन फ़िल्म सिटी प्रबंधन के द्वारा किया गया जिसमें फ़िल्म जगत की मशहूर हस्तियां उपस्थित थी।
कफीलूर रहमान पेशे से एक अधिवक्ता हैं और रांची व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। इनदिनों नियमित रूप से साहित्य लेखन में जुटे हुए हैं। मेरी ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। मेरे विचार से कफीलूर रहमान जुझारू व्यक्तित्व के स्वनाम धन्य व्यक्ति हैं। कुछ समय पूर्व उन्होंने अन्नावादी इंसाफ पार्टी का गठन कर समाज के लोगों को जगाने का काम भी जोरशोर से किया था।

# कलम की मजबूत धार स्वस्थ लोकतंत्र का आधार



योगेश कुमार गोयल

***हर*** साल 03 मई को 'अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है। विडंबना यह है कि विगत कुछ वर्षों से प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। कलम की धार को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और प्रभावी इसलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पदार्फाश हो सका। इसके चलते तमाम उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा करने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ी है। 03 दिसम्बर 1950 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था- ''मैं प्रेस पर प्रतिबंध लगाने के बजाय, उसकी स्वतंत्रता के बेजा इस्तेमाल के तमाम खतरों के बावजूद पूरी तरह स्वतंत्र प्रेस रखना चाहूंगा क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता एक नारा भर नहीं है बल्कि लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग है।'' पिछले कुछ दशकों में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, आपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है। इस दौरान दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्ट्र्स सैन्स फ्रंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्ट्र्स विदआउट बॉर्डर्स' हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हैं। 'रिपोर्ट्र्स विदआउट बॉर्डर्स' गैर-लाभकारी संगठन है। यह विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' प्रस्तुत करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। 2022 में उसकी रिपोर्ट में नार्वे ने प्रेस की आजादी के लिए पिछली बार की ही तरह पहला स्थान प्राप्त किया। भारत को 180 देशों में 150वां स्थान दिया गया। भारत इस रैंकिंग में पिछले वर्ष के मुकाबले आठ0 स्थान नीचे फिसला है। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। 2022 के सूचकांक में प्रेस फ्रीडम, सरकारी दखलंदाजी और मीडिया की कार्यप्रणाली के अलावा सोशल मीडिया पर फैल रही फेक न्यूज तथा उसके प्रभावों पर भी ध्यान दिया गया है और रैंकिंग में प्रेस की पांच प्रकार की स्वतंत्रता को आधार बनाया गया है। पांचों क्षेत्रों में मिले अंकों के औसत के आधार पर ही सभी देशों की रैंकिंग निर्धारित हुई है। इस आधार में प्रेस की राजनीतिक, आर्थिक, विधायिका, सामाजिक और सेकुलर स्वतंत्रता शामिल है। 2022 की रैंकिंग में भारत राजनीतिक स्वतंत्रता में 40.76 अंकों के साथ 145वें, आर्थिक स्वतंत्रता में 30.39 अंकों के साथ 149वें, लेजिस्लेटिव स्वतंत्रता में 57.02 अंकों के साथ 120वें, सामाजिक स्वतंत्रता में 56.25 अंकों के साथ 127वें और सेकुलर फ्रीडम में 20.61 अंकों के साथ 163वें स्थान पर है।

**स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है। विडंबना यह है कि विगत कुछ वर्षों से प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है।**

## प्रेस स्वतंत्रता दिवस

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## आरएनआईएम कॉलेज में प्राकृतिक जल संरक्षण पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सजल भारत, हरित भारत के उद्देश्यों को सफल बनाने के उद्देश्य से प्राकृतिक जलसंरक्षण पर आरएनवाईएम कॉलेज बरही में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, डॉ बीडी मोदी, डॉ बद्री प्रसाद, डॉ संगीता चौधरी, डॉ अंजली कुसुम, डॉ अशोक, प्रो हीरामन साहू, प्रो नैयर इकबाल, कुमारी सुषमा, प्रो अब्बास, प्रो निजामुद्दीन अकेला, प्रो तमना, महेश यादव, हरेंद्र सिंह रामा, हेड क्लर्क दिनेश प्रसाद, लेखापाल नागेश्वर यादव आदि सहित महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थी मौजूद थे. । उपस्थित लोगो ने मुख्य वक्ता और अभियान को गति देने वाले जलगुरु नाम से विख्यात सेवानिवृत डीजीपी (उप्र) महेंद्र मोदी ने जलसंरक्षण के अनमोल विधियों को बारीकी से जाना । जलगुरू ने बताया कि लाखो रुपए खर्च कर कृत्रिम तरीको से भूगर्भ जल खींचे जा रहे है । दिन प्रतिदिन जलस्तर नीचे भाग रहा है। पेयजल दूषित हो रहे है, हम पैसे से भी विषैले पेयजल खरीद रहे है। जो जीवन के लिए चिंतनीय है । उन्होंने कहा कि थोड़े से श्रम दान कर वर्षा की बूंदों और प्रयोग किए गए जल को संरक्षित कर इससे निजात लाया जा सकता है, जो समय की भी मांग है । इसके लिए जलगुरू ने कम खर्च में जल संरक्षित और शुद्ध बनाने के विभिन्न मॉडलो की विस्तार से जानकारियां भी दिया । उन्होंने छत पर के जल व तालाब जल को संरक्षित करने के तरीके, ट्रेंच विधि आदि जैसे विभिन्न मॉडल की व्याख्या करते हुए जलसंरक्षण करने के तरीके भी बताए । कार्यशाला का संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो डॉ संजय कुमार वर्णवाल और समापन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अरूणा रानी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया । अंत में जलगुरू ने उपस्थित लोगो को जलसंरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई । इसके साथ ही जलगुरू सहित सभी लोगो ने महाविद्यालय परिसर में लगे नलकुंप के जल को संरक्षित करने के लिए ट्रेंच निर्माण हेतु श्रम दान कर जल संरक्षण का संदेश दिया । जलगुरू ने अपील किया कि इसी प्रकार सभी कोई श्रम दान कर ट्रेंच बनाए और प्राकृतिक जल संरक्षित कर पूरे देश को स्वस्थ्य बनाते हुए सजल भारत हरित अभियान को सफल बनाए । जाने कौन है जलगुरूः जलगुरू के नाम से विख्यात हुए महेंद्र मोदी जो मूलतः कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड के निवासी है।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया मजदूर दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया। बताया गया की इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कामकाजी लोगों को सम्मान देना और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 1886 को सर्वप्रथम मनाया गया। मौके पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय में कार्यरत श्रमिकों को बैच लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने उनके कठिन परिश्रम को सराहा और उन्हें इसी तरह सहयोग करने को कहा। विद्यालय के कर्मचारियों के लिए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया । मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

### वीर कुंवर सिंह पार्क में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान बोले

# मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक है लाल झंडा



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
सीटू के नेतृत्व में मजदूर कर्मचारी संगठनों ने वीर कुंवर सिंह पार्क में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया और सभा का आयोजन किया। सर्वप्रथम वरिष्ठ कर्मचारी नेता फेकुलाल विद्यार्थी ने मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक लाल झंडा फहराया। शिकागो के शहीदों को लाल सलाम, दुनिया के मजदूरों एक हो, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो गगनभेदी नारों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कर्मचारी नेता शैलेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में 3 मई 1886 को लगभग 40 हजार मजदूर 8 घंटे की काम के लिए सड़कों पर उतर आए और पुलिस ने भुखे-प्यासे मजदूरों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। जिसमें 6 मजदूरों की शहादत हो गई, उसी समय खून से सने उन मजदूरों के कपड़ो को परचम बना कर आसमान की तरफ लहरा दिया और तब से ही लाल झण्ड़ा मजदूरों का प्रतीक बन गया। इस साल मई दिवस हमारे देश में 100 वर्ष पूरा हो गया। 1923 में कॉमरेड एम सिंगारवेलु ने तत्कालीन शहर मद्रास में लाल झंडा फहराया था। शासन में काबिज सांप्रदायिक कॉरपोरट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम और निजी कॉरपोरेट वर्ग के द्वारा देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ व्यापक संघर्ष करना होगा। मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, असहनीय महंगाई से लोग जुझ रहे हैं। मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड पहले से ही तैयार कर लिया गया है। केन्द्र की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ शासक वर्ग की सभी सांप्रदायिक विभाजनकारी साजिशों को निर्णायक रूप से पराजित करने के लिए मजदूर वर्ग की एकता को मजबूत करते हुए संघर्ष की विरासत को आगे ले जाएगा. जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि मेहनतकश अपनी नौकरी, वेतन के लिए कड़ी मेहनत से प्राप्त अधिकारों पर शासक वर्ग के हमले के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहा है। निर्माण यूनियन के नेता प्रेम प्रकाश ने आठ घंटे काम करने, जीवन यापन और सामाजिक सुरक्षा पर उनके लम्बे संघर्षों से हासिल अधिकारों को खत्म करने के बर्बर साजिश को नाकाम करने का आह्वान किया। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलामंत्री शशि कुमार पांडेय ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों में मजदूर वर्ग बड़े पैमाने पर हड़तालों और लाखों मजदूरों के विशाल प्रदर्शनों के साथ संघर्ष के रास्ते पर है। बीमा कर्मचारी संघ के सचिव मनोरंजन कुमार ने बैंक, बीमा, रेलवे, कोयला, स्टील आदि क्षेत्रों को बचाने के लिए देश की जनता को एकजुट होने का आह्वान किया। सभा को आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, कर्मचारी महासंघ के संयुक्त सचिव दिनेश रविदास, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, डीवीसी श्रमिक यूनियन के अजय कुमार, सहिया संघ के प्रकाश चन्द्र राय, जय प्रकाश यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महावीर यादव, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव वर्षा रानी, बीएसएसआर यूनियन के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, निर्माण मजदूर यूनियन के शम्भु पासवान, प्राइवेट मेडिकल वर्कर्स यूनियन के श्रीकांत सिहं, नगरपालिका लोकल बॉडीज इम्पलाइज यूनियन के संतोष राम, चरणजीत सिहं, धीरज यादव, बालेश्वर राम, शिवनंदन भूइयां, मीना एक्का, रीना देवी, तानेश्वर राम, इंदु देवी, संजू देवी, सुनैना देवी, तानेश्वर राम, राजेन्द्र पासवान, सहदेव दास, आशिष कुमार, संटू वर्णवाल, अरविंद कुमार, छोटी राम आदि शामिल थे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में मना श्रमिक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। समारोह की शुरूआत कार्यकताओं के स्वागत और उनकी कड़ी मेहनत को स्वीकार करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ की गई ।वहीं छात्र-छात्राओं ने तालबद्ध कदमों से अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह आयोजन को लेकर श्रमिकों ने स्कूल प्रबंधन,शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने श्रमिकों को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद दिया। वहीं विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने संस्था के सुचारू संचालन लिए कार्यकताओं के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। स्कूल के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा की मजदूरों के श्रमसाध्य प्रयास किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है, चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यू ना हो ।हमें उन्हे संचालित करने हेतु मजदूरों की आवश्यकता होती है।

## देश को सशक्त बनाने में मजदूरों की भूमिका अहम : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मजदूर दिवस के शुभ अवसर पर मजदूरों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया व मिठाई खिलाया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र को आर्थिक रुप से सशक्त और सुदृढ़ बनाने में मजदूरों की भूमिका सर्वोपरि होती है। मजदूर ही परिवार, समाज और राष्ट्र का स्तम्भ होता है। रात दिन अपने आजीविका के लिए वो मेहनत तो करता ही है लेकिन साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को भी समृद्ध बनाने का कार्य करता है। कहा की खेती से लेकर विज्ञान, शस्त्र निर्माण तक मजदूरों की भूमिका सराहनीय रही है। हम सभी समाज के लोगों को मजदूरों को सम्मान देने के साथ साथ उनकी रक्षा और सुरक्षा करने आगे बढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए। देश के भाग्य निर्माण में श्रमिक समाज की निर्विवाद भूमिका रहती है। मौके पर रविकांत महतो ,करमू महतो, बबलू महतो, शुभम कुमार आदि मौजूद थे।

## ग्रीन कार्ड धारियों के बीच राशन का वितरण



**बरकट्ठा।** जन वितरण प्रणाली दुकान बेलकपी में ग्रीन कार्ड धारियों के बीच बीते नवंबर का प्रति यूनिट 5 केजी राशन का वितरण पंसस ज्योति देवी की उपस्थिति में किया गया ।वहीं पीडीएस दुकान के विक्रेता नंदलाल तिवारी ने बताया कि ग्रीन कार्ड धारियों को सरकार द्वारा प्रदत प्रति यूनिट 5 केजी राशन नवंबर 2022 का वितरण किया जा रहा है। बहुत दिनों से ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं मिल पाया था। मौके पर पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, दीपक पांडेय, जसोदा देवी, सीमा देवी, गफूर मियां, पप्पू साव, बबीता देवी,राजनंदिनी देवी समेत दर्जनों कार्ड धारी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोलीबारी

**रामगढ़।** जिला के पतरातू क्षेत्र में हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर मंगलवार को अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया । इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर हथियारबंद अपराधी पहुंचे और गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद वहां से चले गए। लगभग 8 माह पूर्व भी वहां पर अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं, गोलीबारी की घटना की जानकारी के बाद पतरातू थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल किया । उन्होंने कहा की घटना में शामिल अपराधी शीघ्र पकड़े जायेंगे ।

## मोबाइल दुकान में चोरी, थाना में आवेदन

**बरही ।** बीते रात्रि कोनरा पंचायत भवन के बगल में स्थित रौनक मोबाईल दुकान में चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। दुकानदार मो शहरूफ ने बताया कि वह हमेशा की तरह सोमवार की रात्रि करीब दस घर गए थे। मंगलवार की सुबह नौ बजे जब दुकान खोला तो दुकान के छत के एस्बेस्टस हटा हुआ पाया। साथ ही दुकान में रखे जियो एनएक्सटी का दो पुराना एंड्रॉयड फोन, विवो वाई टू वन एक पीस, विवो नाइन टू दो पीस, कीपैड मोबाइल 8 पीस, जेबीएल का ब्लूटूथ हेडफोन दो पीस, युबोन का ब्लूटूथ हेड फोन चार पीस और गल्ला ने मिनी बैंक का नकद साठ हजार रुपए गायब थे। भुक्तभोगी ने थाना प्रभारी के नाम अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर उचित करवाई की मांग किया है । विदित हो कि आज से करीब ढाई वर्ष पहले इसी मोबाईल दुकान से चोरों ने चोरी कर दुकान का सभी समान चोरी कर लिया था । जिसकी भीं प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसका आज तक कोई सुराग नहीं मिला, और न ही चोर पकड़े गए।

## जनता दरबार में डीसी ने ऑन द स्पॉट विभिन्न समस्याओं का किया समाधान

**कोडरमा।** आमजनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। साथ ही जनता दरबार के दौरान कई लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे।

## श्याम बाबा की निकली निशान यात्रा, झूमे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
श्री श्याम महिला मंडल के तत्वावधान में निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से महिलाएं निशान लेकर पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम को निशान अर्पण किया। इस दौरान एक सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार सजाया गया था। इस दौरान हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा नारों से निशान यात्रा स्थल गुंजायमान होता रहा। दूसरी ओर देर शाम को श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गायकों के द्वारा कल रात सपने में आए मुरली वाले.., दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी.., बाजरा की रोटी खाले श्याम चूरमा भूल जाओगे म.., जैसे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खूब झुमाया। श्याम मंदिर में बाबा श्याम का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंगलवार की सुबह बारस की ज्योत का आयोजन किया गया। निशान यात्रा में कृतिका मोदी, ज्योति शेखावत, अंजुला खाटूवाला, अंजना केड़िया, मूली शर्मा, पायल जोशी, पूजा शर्मा, अंजना केडिया, अनुराधा शर्मा, प्रीति केडिया, सारिका केडिया, बबीता जोशी, रिचा भोजनवाला, रश्मि शर्मा, अर्चना शर्मा, प्रतिक्षा सहल, आभा सूरेका, रानी कालरा, रश्मि गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, सुमन शर्मा, कुसुम चौधरी, रेखा शर्मा, गोपाल कुमार, हिमांशु केडिया, सज्जन खेतान, मनोज पिलानिया, संतोष लड्ढा, संजय पिलानिया, विनोद चौरसिया, पप्पू खेतान, संदीप हिसारिया सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## दिवंगत पत्रकार प्रदीप को दी गई श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार दीपक के असामयिक निधन पर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना रेस्ट हाउस प्रांगण में 2 मई को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में क्षेत्र के पत्रकार, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल हुए। शोकसभा में उपस्थित सभी लोगों ने वरिष्ठ पत्रकार के सड़क हादसे में असामयिक निधन पर शोक प्रकट किया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। शोकसभा के दौरान डॉ चंदन कुमार ने कहा कि हर दिल अजीज पत्रकार प्रदीप कुमार के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर 130 वर्ष बाद बन रहा महासंयोग लोगों की मनोकामनाएं होंगी पूर्ण: मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
महावीर पंचांग के अनुसार इस वर्ष वैशाख पूर्णिमा 04 मई 2023 को 10.59 बजे शुरू होगी और पूर्णिमा तिथि का समापन 05 मई 2023 को रात 10.43 बजे होगा और इस दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण रात 08.45 पर लगेगा। जो देर रात 01.00 बजे समाप्त होगा। यह उपछाया चंद्र ग्रहण होगा। उक्त बातें मंगलवार को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संचालक आचार्य मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा की बुद्ध पूर्णिमा को भगवान गौतम बुद्ध के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन उन्हें अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी। पंचांग के अनुसार 130 साल बाद बुद्ध पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण का संयोग बन रहा है। तिवारी ने कहा की यह उपछाया चंद्र ग्रहण तुला राशि और स्वाति नक्षत्र में लगेगा। बुद्ध पूर्णिमा पर मकर, सिंह, मिथुन, मीन और कुंभ राशि वालों के लिए शुभ फल की प्राप्ति होगी। मकर राशि वाले के कैरियर में तरक्की के योग है, मिथुन राशि के जातकों को चंद्र ग्रहण के बाद धन और सुख में लाभ का अवसर मिलेगा। सिंह राशि वालों की नौकरी में उन्नति होगी। वहीं, कुंभ राशि के लोगों की आमदनी में वृद्धि होगी। बताया की साल का पहला चंद्र ग्रहण कुछ राशियों के लिए अशुभ भी रहने वाला है। इनमें वृश्चिक, वृष, कर्क और कन्या राशि वाले शामिल हैं। मेष और तुला राशि वालों के लिए भी सावधानी की जरूरत है।

**सामग्री वितरित** | मायुमं-माहेश्वरी महिला संगठन का सादे समारोह आयोजित

# मजदूर हमारी सफलता का अभिन्न अंग



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
मई दिवस को लेकर मारवाडी युवा मंच की झुमरी तिलैया शाखा एवं माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वाधान में 1 मई को माहेश्वरी भवन अडडी बंगला में एक सादे समारोह में मजदूरों के बीच गमछा, टी-शर्ट नाश्ता एवं जुस सामाग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष राज पाचीसिया ने कहा कि श्रम दिवस एक विशेष दिन है। जो श्रम वर्ग की कड़ी मेहनत व प्रयासों के फलस्वरूप उनके वर्ग को समर्पित है। मजदूर हमारी हर सफलता का एक अभिन्न अंग है। चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो आज कोई भी क्षेत्र में देख ले तो उनका सहयोग के बिना हमारी सफलता नामुकिन है। उन्होनें आगे कहा कि आपके ख्याबों को पूरा करते हैं वह मजदूर हैं। उनकी गैर मजगुदगी में मंजिल हमेशा दुर है। इस अवसर पर सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मजदूर दिवस भले ही हम एक दिन मनाते हैं लेकिन इनकी कार्य कुशलता के बिना पुल पुलिया या मकान भवन बिना मजदूर की पूरा नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर मंच के आशीष केडिया, संजय ढोल्या, आयुष पोदार, अजय शर्मा के अलावा माहेश्वरी महिला समिति के अध्यक्ष अनिता सोमानी, सचिव रश्मि पचीसिया, मीणा सुखानी, ममता पचीसिया, सुधा पचीसिया, निधि पेडीवाल, कारो पचीसिया, मीता खटोर, रीता सोमानी, निरूपमा सोमानी आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक

**झुमरी तिलैया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ राष्ट्रीय की एक बैठक जिला अध्यक्ष अनूप जोशी के आवासीय कार्यालय जैन मंदिर गली स्टेशन रोड झुमरी तिलैया में हुई। इसमें भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर किए गए कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। चंदा के द्वारा सहयोग जो आए हुए पैसा और भंडारे में और पूजा में जो खर्च हुए। उसके बारे में सभी को अवगत कराया गया। और आगे के प्रोग्राम के लिए चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा माह के प्रथम रविवार को समाज की एक बैठक हो और समाज के उत्थान के लिए चर्चा कर कार्य किए जाए।

# अमेरिका में कोविड टीका की अनिवार्यता हो रही खत्म, जोकोविच खेल सकते हैं यूएस ओपन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के नंबर एक सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में खेल सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए कोविड-19 टीकाकरण अनिवार्यता को हटाने की घोषणा कर दी है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन टीका नहीं लेने के चलते यूएस ओपन सहित कई टूर्नामेंटों से चूक गए थे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, हम घोषणा कर रहे हैं कि प्रशासन 11 मई को संघीय कर्मचारियों, संघीय कांट्रैक्टर और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों के लिए कोविड-19 वैक्सीन की अनिवार्यता समाप्त कर देगा। उसी दिन कोविड-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल भी समाप्त हो जाएगा। सर्बियाई खिलाड़ी ने इस सालत की शुरूआत में अमेरिकी अधिकारियों से कोविड टीका नहीं लेने के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने के लिए विशेष अनुमति मांगी थी। हालांकि, उनको प्रवेश से वंचित कर दिया गया और इस तरह मार्च में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन से वो हट गए।



## 300वीं करियर जीत के साथ मेदवेदेव अंतिम 16 में



**मैड्रिड।** दानिल मेदवेदेव ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अपने करियर में पहली बार मैड्रिड ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार दूसरी सीड मेदवेदेव पहला सेट विश्व में 96वीं रैंकिंग के खिलाड़ी एलेक्जेंडर शिवचेंको से 4-6 से हार गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-1 से जीता और निर्णायक सेट में कड़े संघर्ष में 7-5 से जीत हासिल करते हुए मैच दो घंटे 42 मिनट में समाप्त कर दिया। 27 वर्षीय मेदवेदेव ने इस तरह अपने प्रोफेशनल करियर की 300वीं जीत हासिल की और अंतिम 16 में उनका मुकाबला एशियन करातसेव से होगा जिन्होंने 16वीं सीड एलेक्स डी मिनौर को तीन सेटों में 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। जान-लेनार्ड स्ट्रफ ने दुसान लाजोविच को 6-7 (2), 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। महिला टूर्नामेंट में दूसरी सीड आर्यना सबालेंका ने मीरा आंड्रीवा को पराजित किया। 31वीं सीड इरेना कामेला बेगू ने लुडमिला सैम्सोनोवा को 6-4, 6-4 से और मिस्त्र की मायर शेरिफ ने बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को 6-4, 0-6, 6-4 से हराया।

## सितसिपास अंतिम 16 में, फ्रिट्ज ने गारिन को हराया

**मैड्रिड।** डोमिनिक थिएम को तीसरे सेट के टाई ब्रेक में हराकर मैड्रिड ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरूआत करने वाले यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने सेबेस्टियन बाएज के खिलाफ महत्वपूर्ण मौकों पर अंक बटोरते हुए जीत हासिल की और अंतिम 16 में जगह बना ली। सितसिपास ने 7-5, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की और इस सत्र में क्ले कोर्ट पर अपना रिकॉर्ड 8-2 पहुंचा दिया। सितसिपास का अगला मुकाबला बेनार्बे जपाटा मिराल्स से होगा जिन्होंने क्वालीफायर रोमन सफिउलीन को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया। यूनानी खिलाड़ी यदि इस सप्ताह एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लेते हैं तो वह विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच से 1000 अंकों के करीब पहुंच जाएंगे। यह उनकी सत्र की पहली ट्रॉफी होगी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन और पिछले सप्ताह बार्सिलोना के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। अन्य बड़े मुकाबले में क्ले कोर्ट पर अपने पहले खिताब की तलाश में लगे टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को तीसरे राउंड में सोमवार को 6-1 7-6(4) से हराया।



# दिल्ली ने गुजरात को दिया 131 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। अहमदाबाद**

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के 44वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 131 रन का टारगेट दिया है। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 130 रन पर बनाए हैं। गुजरात के अहमदाबाद स्टेडियम में दिल्ली की ओर अमन खान ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 27 और रिपल पटेल ने 23 रन का योगदान दिया। मोहम्मद शमी ने चार विकेट झटके। मोहित शर्मा को दो और राशिद खान को एक विकेट मिला। अमन खान ने 51 रन की अहम पारी खेली। उन्होंने 41 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। अमन ने इस लीग में पहला अर्धशतक जमाया। अमन ने अक्षर पटेल के साथ 50 और रिपल के साथ 53 रन जोड़े। 23 पर 5 विकेट गंवाने के बाद अक्षर पटेल और अमन पटेल ने दिल्ली की बिखरती पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने 54 बॉल पर 50 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को मोहित शर्मा ने अक्षर पटेल को चलता किया। दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले पावरप्ले में 28 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। फिल सॉल्ट, डेविड वॉर्नर, राइली रूसो, मनीष पांडेय और प्रियम गर्ग सस्ते में पवेलियन लौट गए। मोहम्मद शमी ने दिल्ली को चार झटके दिए। एक बल्लेबाज रनआउट हुए। मिचेल मार्श आज बीमार होने के कारण नहीं खेल रहे हैं। उसके जगह पर राइली रुसो को मौका मिला है। खलील अहमद की भी वापसी हुई है। वहीं गुजरात टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), अभिनव मनोहर, विजय शंकर, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, मोहम्मद शमी, मोहित शर्मा, जोशुआ लिटिल। इम्पैक्ट प्लेयर्स : शुभमन गिल, साईं किशोर, श्रीकर भरत, साईं सुदर्शन, शिवम मावी। दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर (कप्तान), फिलिप साल्ट (विकेटकीपर), मनीष पांडे, राइली रुसो, प्रियम गर्ग, अक्षर पटेल, रिपल पटेल, अमन हकीम खान, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्त्या, इशांत शर्मा। ?????इम्पैक्ट प्लेयर्स : खलील अहमद, ललित यादव, यश ढुल, प्रवीण दुबे, अभिषेक पोरेल। गुजरात 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर और दिल्ली 6 हार के बाद बॉटम पर है। दिल्ली को इस स्टेज से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सभी मुकाबले जीतने होंगे, वहीं गुजरात को फिर से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए महज 2 जीत चाहिए। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस टूनार्मेंट के अह तक 8 में से 6 मैच जीतकर 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। टीम ने कोलकाता और राजस्थान के खिलाफ ही मैच गंवाए हैं। दिल्ली के खिलाफ होम ग्राउंड पर जीत दर्ज कर टीम पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। दिल्ली के खिलाफ उनके 4 विदेशी खिलाड़ी राशिद खान, नूर अहमद, जोशुआ लिटिल और डेविड मिलर हो सकते हैं। साई सुदर्शन ने सीजन के पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी, लेकिन उन्हें सिलेक्ट करने के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या को विजय शंकर या अभिनव मनोहर में से किसी एक को बैठाना होगा। दिल्ली ने टूनार्मेंट की शुरूआत लगातार 5 मैच हारकर की थी, लेकिन फिर 2 मुकाबले जीते।



# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले चोटों ने बढ़ाई भारतीय टीम की चिंता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टेस्ट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि सोमवार को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच में केएल राहुल और जयदेव उनादकट को चोट लग गई है। प्रमुख सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को क्रमशः हैमस्ट्रिंग और कंधे की चोट लगी है, जिसने भारतीय टेस्ट टीम की चिंताओं को बढ़ा दिया है। बाएं हाथ के तेज उनादकट रविवार को नेट सत्र में फॉलो-थ्रू के दौरान एक तार से टकराकर चोटिल हो गए। इसके बाद 31 वर्षीय उनादकट ने प्रशिक्षण छोड़ दिया। उनका 7 जून से द ओवल में एकमात्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में खेलना संदिग्ध है।



उनका चोटिल होना भारतीय तेज गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि हाल ही में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ की सर्जरी हुई है और वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनादकट उन पांच गेंदबाजों में से एक हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया गया है, हालांकि शार्दुल ठाकुर और उमेश याादव का फिटनेस भी संदेह में है। राहुल की हैमस्ट्रिंग की चोट ने बल्लेबाजी पक्ष की भी चिंता बढ़ा दी है। टीम को पहले से ही श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की कमी खल रही थी और अब उसमें नया नाम राहुल का जुड़ गया है। अजिंक्य रहाणे संभवतः एक साल में अपना पहला टेस्ट मैच खेलेंगे, जिसमें शुभमन गिल कप्तान रोहित शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में शामिल होंगे। चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को नंबर 3 और नंबर 4 पर मानते हुए, रहाणे नंबर 5 पर आएंगे।

## नेपाल ने यूएई को हराकर एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई



**काठमांडू।** नेपाल ने एसीसी प्रीमियर कप क्रिकेट का खिताब जीत लिया। आज मंगलवार को नेपाल ने यूएई के खिलाफ जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया है। खिताब जीतकर नेपाल एशिया कप क्रिकेट खेल सकेगा। यूएई ने कल यानी सोमवार को नेपाल को 118 रन का टारगेट दिया था। बारिश के कारण खेल रोके जाने के बाद आज फिर से खेल शुरू किया गया। जवाब में नेपाल ने 30.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल किया।

## फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट : भारतीय पुरुष टीम ग्रुप ए में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल 12 से 20 अगस्त तक होने वाले फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के एशियन लेग के लिए भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम को ग्रुप ए में चीनी ताइपे, दक्षिण कोरिया और बहरीन के साथ रखा गया है। इंटरनेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (फीबा) ने सोमवार को ड्रॉ निकाला। टूर्नामेंट के एशियन लेग के स्थान के बारे में बाद में पुष्टि की जाएगी। कजाकिस्तान, सऊदी अरब, इंडोनेशिया और सीरिया एशियाई ड्रॉ के ग्रुप बी में हैं। पुरुषों की फीबा विश्व रैंकिंग के आधार पर, ड्रॉ के लिए आठ टीमों को दो टीमों के चार पॉट में विभाजित किया गया था। सीरिया और भारत को तीसरे पॉट में रखा गया था। ग्रुप ए में उच्चतम रैंक वाली टीम दक्षिण कोरिया है, जो वर्तमान में फीबा बास्केटबॉल रैंकिंग में 38वें स्थान पर है, इसके बाद चीनी ताइपे (69), भारत (82) और बहरीन (84) हैं।

पेरिस 2024 पुरुषों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान फ्रांस सहित कुल 12 टीमें शामिल होंगी। फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2023, जो इस साल अगस्त और सितंबर में फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया द्वारा सह-मेजबानी की जाएगी, इनमें से सात टीमों के भाग्य का फैसला करेगा।

दो चरण के फीबा ओलंपिक योग्यता टूर्नामेंट चार अंतिम स्थान निर्धारित करेंगे।

# राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का कैलेंडर जारी

### एक नवंबर से 23 जनवरी, 2024 तक होगा आयोजन

### 18 खेलों में 25 हजार से ज्यादा खिलाड़ी होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में स्कूली स्तर पर खेल को बढ़ावा देने और माइक्रो लेवल पर अच्छे खिलाड़ियों को चुनने के लिए झारखंड में शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्यस्तरीय खेलो झारखंड के लिए साल 2023-24 का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें कुल 18 खेलों को शामिल किया गया है। परियोजना निदेशक किरण पासी ने बताया कि खेल निदेशालय के निदेशक को पत्र जारी कर खेल कैलेंडर के तहत खिलाड़ियों को तमाम सुविधाएं मुहैया कराने, खेल के लिए स्थान और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने को कहा गया है। कैलेंडर के मुताबिक खेलों का आयोजन एक नवंबर से शुरू होकर 23 जनवरी, 2024 तक चलेगा। सभी 18 इवेंट में कुल 25,416 प्रतियोगी भाग लेंगे। सभी खेल का आयोजन रांची के खेल गांव समेत राजधानी में मौजूद अन्य स्टेडियम में होगाा। एक से पांच नवंबर तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी और हॉकी प्रतियोगिता होगी। सात से 10 नवंबर तक जुडो, ताइक्वांडो और मुक्केबाजी की प्रतियोगिता होगी। कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताएं 22 से 26 नवंबर के बीच कुल पांच दिन होंगी। 30 नवंबर से तीन दिसंबर के बीच कराटे, वुशु और शतरंज की प्रतियोगिताएं होंगी। वॉलीबाल और खो-खो का आयोजन सात दिसंबर से 11 दिसंबर तक कराया जाएगा। फुटबॉल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 5 दिन तक कराई जाएंगी। 21 दिसंबर से 22 दिसंबर तक बैंड प्रतियोगिता होगी। 11 जनवरी से 13 जनवरी के बीच तीन दिन तक झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान परिषद, रातू, रांची में योग प्रतियोगिताएं होंगी। साइकिलिंग की प्रतियोगिता 17 से 18 जनवरी के बीच खेल गांव में होगी। सबसे अंत में 20 से 23 जनवरी तक क्रिकेट की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें कुल 720 खिलाड़ी भाग लेंगे। सबसे ज्यादा एथलेटिक्स में 2736 खिलाड़ी शामिल होंगे।



**आईपीएल 2023** | गंभीर के साथ तकरार के बाद कोहली का पोस्ट

# हम जो कुछ भी देखते हैं, वह एक संदर्भ है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विराट कोहली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच सोमवार को खेले गए मैच के बाद गौतम गंभीर के साथ विराट कोहली की 'गंभीर' कहासुनी हो गई जो काफी चर्चा में है। मैच के बाद कोहली और गंभीर के बीच तीखी नोकझोंक हुई और दोनों को अलग करने के लिए दूसरे खिलाड़ियों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

यह घटना तब हुई जब आरसीबी ने लो स्कोरिंग थ्रिलर में एलएसजी को 18 रनों से हरा दिया। गंभीर और कोहली को इसके बाद गर्मागरम बहस करते देखा गया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बीच-बचाव करना पड़ा। पहले गंभीर ने कोहली से बात कर रहे एक एलएसजी खिलाड़ी को अपनी ओर खींच लिया और कोहली से अलग कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आए हैं जिसमें कोहली और गंभीर बहस करते नजर आ रहे हैं। कोहली द्वारा कही गई किसी बात पर एलएसजी मेंटॉर गंभीर अपनी नाराजगी जताते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसके बाद एलएसजी खिलाड़ियों ने अपने पूर्व भारतीय टीम के साथी को आगे बढ़ने से रोका।



इस बीच, कोहली ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नोट पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने पूर्व रोमन सम्राट मार्कस ऑरेलियस को कोट किया जिन्होंने 161 से 180 ईस्वी तक शासन किया। वो एक दार्शनिक भी थे।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में, पूर्व कप्तान ने कहा, हम जो कुछ भी सुनते हैं वह एक राय है, तथ्य नहीं। हम जो कुछ भी देखते हैं वह एक संदर्भ में होता है, जरूरी नहीं सच हो। इससे पहले, खेल के बाद हाथ मिलाने के दौरान कोहली की एलएसजी तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक के साथ कहासुनी हो गई। लांकि, कोहली और गंभीर दोनों पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, जबकि एलएसजी गेंदबाज नवीन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## कुंबले ने कोहली-गंभीर की बहस पर कहा: यह देखना अच्छा नहीं था

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को सोमवार रात यहां आईपीएल मुकाबले में 18 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में 126/9 रन का मामूली स्कोर बनाया। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सर्वाधिक 44 रन बनाये जबकि उनके जोड़ीदार विराट कोहली ने 31 रन का योगदान दिया। दोनों ने ओपनिंग साझेदारी में नौ ओवर में 62 रन जोड़े। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने बेहतरीन और कसी हुई गेंदबाजी की और लखनऊ को 19.5 ओवर में 108 रन पर निपटा दिया। स्पिनर कर्ण शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने क्रमशः 2/20 और 2/15 विकेट लिए। इस बीच मैच के बाद कोहली और लखनऊ टीम के मेंटर पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर के बीच कुछ गरमा गरम बहस देखी गई जिसे लेकर जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ अनिल कुंबले कुछ नाराज दिखे। उन्होंने कहा, काफी भावनाएं थीं लेकिन आप इन भावनाओं को यहां नहीं दिखा सकते। यह महत्वपूर्ण है कि आपके बीच बातचीत हो लेकिन इस तरह की बहस स्वीकार्य नहीं है।



# अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये हुआ




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अप्रैल 2023 में सकल जीएसटी राजस्व 1,87,035 करोड़ रुपये रहा, जो मार्च 2023 के सकल जीएसटी संग्रह के 1,60,122 करोड़ रुपये से 16.8 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में सकल जीएसटी संग्रह भी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और पिछले उच्चतम संग्रह 1,67,540 लाख करोड़ रुपये से 19,495 करोड़ रुपये अधिक है, जो अप्रैल 2022 में दर्ज किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पहली बार सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 1,87,035 करोड़ रुपये के सकल जीएसटी संग्रह में सीजीएसटी 38,440 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 47,412 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 89,158 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 34,972 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 12,025 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 901 करोड़ रुपये सहित) था। सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी में 45,864 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 37,959 करोड़ रुपये का निपटान किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नियमित निपटान के बाद अप्रैल 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 84,304 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 85,371 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2023 का राजस्व पिछले साल इसी महीने में दर्ज जीएसटी राजस्व से 12 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 के दौरान, घरेलू लेन-देन से प्राप्त राजस्व (सेवाओं के आयात सहित) पिछले वर्ष इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से प्राप्त राजस्व से 16 प्रतिशत अधिक था। मार्च 2023 में उत्पन्न ई-वे बिलों की कुल संख्या 9 करोड़ थी, जो फरवरी 2023 में उत्पन्न 8.1 करोड़ ई-वे बिलों की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में एक ही दिन यानी 20 अप्रैल को अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह देखा गया, जब 9.8 लाख लेनदेन के माध्यम से 68,228 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। पिछले साल (इसी तारीख को) सबसे ज्यादा एक दिन का भुगतान 9.6 लाख लेनदेन के माध्यम से 57,846 करोड़ रुपये था।

## नगदी के अभाव में गो फर्स्ट एयरलाइंस ने 3 और 4 मई की रद्द की अपनी उड़ानें




**नई दिल्ली।** 3 और 4 मई को जिन हवाई यात्रियों ने गो फर्स्ट एयरलाइंस में टिकट बुक कराया हुआ है उन्हें भारी दिक्तों का सामना करना पड़ सकता है। गो फर्स्ट ने 3 और 4 मई को उड़ान भरने वाले फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। तेल कंपनियों के बकाये का भुगतान नहीं कर पाने के चलते एयरलाइंस ने ये फैसला किया है। इकोनॉमिक टाईम्स के रिपोर्ट के मुताबिक एक ऑयल मार्केटिंग कंपनी के अधिकारी ने बताया कि गो फर्स्ट कैश एंड कैरी मोड पर ऑपरेट कर रहा है। यानि एयरलाइंस को हर दिन के हिसाब से जितनी उड़ान भरनी है उसके मुताबिक हवाई ईंधन के लिए भुगतान करना पड़ता है।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार (2 मई) को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 242 अंकों की बढ़त के साथ 61,354 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंकों की बढ़त रही, यह 18,147 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और सिर्फ 14 में गिरावट देखने को मिली। आज के कारोबार में एफएमसीजी छोड़ बीएसई के सभी सेक्टर इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। आईटी, मेटल, तेल-गैस शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। जबकि पावर, कंज्यूमर गुड्स शेयरों में खरीदारी रही। वहीं मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी ग्रुप की फर्म अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एनडीटीवी ने सोमवार को चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए। इस तिमाही में अडाणी ग्रीन का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 319% बढ़कर 507 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में अडाणी ग्रीन का मुनाफा 121 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का रेवेन्यू भी 78% बढ़कर 2,598 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो पिछले साल की समान अविधि में 1,461 करोड़ रुपए था। रिजल्ट के बाद कंपनी के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि हमने एफीसिएंसी, परफॉर्मेंस और कैपेसिटी डेवलपमेंट में नए इंडस्ट्रीज स्टैंडर्ड स्थापित किए हैं।

# जेपी मॉर्गन ने खरीदा अमेरिका का फर्स्ट रिपब्लिक बैंक

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी ने संकटग्रस्त फर्स्ट रिपब्लिक बैंक का अधिग्रहण कर लिया है। बैंक को बचाने के सभी प्रयासों के विफल होने के बाद ऐसा किया गया है। संकट में फंसने के बाद बैंक को रेगुलेटर्स ने अपने कब्जे में ले लिया था। 8 राज्यों में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के 84 ऑफिस जेपी मॉर्गन चेस बैंक की ब्रांच के रूप में फिर से खुलेंगे। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के डिपॉजिटर जेपी मॉर्गन चेस बैंक के डिपॉजिटर बन जाएंगे। अपने अकाउंट को एक्सेस कर पाएंगे। यानी ग्राहकों का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिकी रेगुलेटर का अनुमान है कि उसके इंश्योरेंस फंड को फर्स्ट रिपब्लिक के नुकसान को कवर करने के लिए करीब 13 अरब डॉलर का भुगतान करना होगा। जेपी मॉर्गन और फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन सिंगल फैमिली और कॉमर्शियल लोन्स के लॉसेज के साथ-साथ रिकवरी को भी शेयर करेंगे। जेपी मॉर्गन फर्स्ट रिपब्लिक के सभी एसेट का अधिग्रहण करेगा। 13 अप्रैल 2023 तक फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के कुल एसेट लगभग 229.1 बिलियन डॉलर और कुल जमा




राशि 103.9 बिलियन डॉलर थी। जेपी मॉर्गन के अलावा फर्स्ट बैंक के अधिग्रहण के लिए बिड लगाने वालों में सिटीजन फाइनेंशियल ग्रुप, ढठउ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप, यूएस बैंककॉर्प और बैंक ऑफ अमेरिका भी शामिल थे। 1985 में बना फर्स्ट रिपब्लिक बैंक अमेरिका का 14वां सबसे बड़ा बैंक था। इस साल मार्च से फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के शेयर 97% से ज्यादा टूट चुके हैं। मार्च में शेयर का भाव 122 डॉलर के करीब था।

## मारुति सुजुकी ने अप्रैल में 1.60 लाख यूनिट्स की बिक्री की

**चेन्नई।** यात्री कार प्रमुख मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा कि उसने पिछले महीने 150,661 इकाइयों (घरेलू 126,261 इकाइयों, अन्य कार निमार्ताओं को बिक्री 5,987 इकाइयों) से कुल 160,529 इकाइयां (घरेलू 139,519 इकाइयां, अन्य कार निमार्ताओं को बिक्री 4,039 इकाइयां और निर्यात 16,971 इकाइयां) बेचीं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कंपनी ने पिछले महीने अप्रैल 2022 में बेची गई इकाइयों की तुलना में अन्य कार निमार्ताओं को कम निर्यात और बिक्री दर्ज की थी।

# हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा से 250 करोड़ वसूलेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा को मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज ने नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस दोनों कंपनियों से 250 करोड़ रुपए वसूली के लिए दिए गए हैं। हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा पर आरोप है कि ये कंपनियां 2019 से गलत तरीके से फेम-टू के तहत सब्सिडी क्लेम कर रही थीं। सरकार फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनियों को सब्सिडी देती हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने कंपनियों को फेम स्कीम से बैन करने और गलत तरीके से क्लेम की गई राशि वसूलने के लिए नोटिस 29 अप्रैल, 2023 को जारी किए थे। रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के बयान के अनुसार, 'दोनों कंपनियों को ऋअटए-क्क स्कीम के नियमों को तोड़ने का दोषी पाया गया है। ये कंपनियां फेम-टू के तहत स्वीकृत इलेक्ट्रिक मॉडल्स की मैन्युफैक्चरिंग में बड़े पैमाने पर लोकल पाट्र्स की जगह बाहर से इंपोर्टेड पाट्र्स का इस्तेमाल कर रही थीं। ये कार्रवाई अफअकऔर क्ऊअळ सहित टेस्टिंग एजेंसियों से रिपोर्ट मिलने के बाद की गई है। वसूली फाइनेंशियल ईयर 2019-20 से दोनों कंपनियों को दी गई सब्सिडी से संबंधित होगी।

## विदेश

# अमेरिका ने भारत, पाक समेत 15 देशों को सीपीसी में डाला



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

अमेरिकी सरकार के पैनल ने भारत पर प्रतिबंध लगाने और इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर ब्लैक लिस्ट में डालने और पाकिस्तान को प्रदान की गई छूट को हटाने के लिए कहा है, जो इस तरह के पदनाम के परिणामों से बचने में मदद करता है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग, कांग्रेस के जनादेश वाले एक पैनल ने अपनी 2023 की रिपोर्ट में कम से कम 15 देशों को विशेष चिंता वाले देशों (सीपीसी) के तहत नामित किया है। सीपीसी सूची में पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान, म्यांमार, चीन, क्यूबा, इरिट्रिया, ईरान, रूस, निकारागुआ, सऊदी अरब, नाइजीरिया, सीरिया, उत्तर कोरिया और ताजिकिस्तान शामिल हैं। सीपीसी सूची में होने का मतलब यह नहीं है कि देश को नामित किया गया है, इसका मतलब यह है कि सूचीबद्ध देशों को ब्लैक लिस्ट में डाला जा सकता है और नामित किया जा सकता है, जिसके परिणाम प्रतिबंधों के रूप में परिलक्षित हो सकते हैं। यहां ध्यान देने वाली बात है कि सीआईआरएफ की सीपीसी सूची में पदनाम और इसकी सिफारिशें कांग्रेस के अधिकार में हैं, अमेरिकी प्रशासन हमेशा सीआईआरएफ की सिफारिशों का पालन नहीं करता है। भारत 2019 से सूची में है, लेकिन कभी भी नामित नहीं किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि वाशिंगटन को डर है कि नई दिल्ली नामित करने से गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और दोनों देशों के बीच खासकर आपसी प्रतिद्वंद्वी चीन का मुकाबला करने के मद्देनजर द्विपक्षीय समझौते पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के इलाज पर सरकार की आलोचना करती है। उन्होंने कहा, भेदभावपूर्ण कानूनों के निरंतर प्रवर्तन ने भीड़ और सतर्क समूहों द्वारा धमकियों और हिंसा के व्यापक अभियानों के लिए दंडमुक्ति की संस्कृति को सुगम बनाया। रिपोर्ट में पाकिस्तान, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को दी गई छूट को हटाने की भी मांग की गई है।

## पाक में टीटीपी कमांडर 6 आतंकी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के एक अभियान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह के एक कमांडर सहित सात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरन शाह इलाके में सोमवार को खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आतंकियों में टीटीपी कमांडर मेहताब उर्फ लाला भी शामिल है, जो आतंकी समूह के एक गुट से ताल्लुक रखता है। आईएसपीआर ने कहा, पकड़े गए आतंकवादी कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहे हैं, विशेष रूप से सुरक्षा बलों और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ लक्षित हत्याएं और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अत्यधिक वांछित थे।

# अमेरिका में बवंडर, छह की मौत, 30 घायल



**एजेंसी। इलिनॉइस**


अमेरिकी राज्य इलिनोइस में सोमवार को धूल के बवंडर (डस्ट स्टॉर्म) के कारण इंटरस्टेट हाईवे पर कई गाड़ियां भिड़ गईं। इनमें 20 कॉमर्शियल व्हीकल और 60 से ज्यादा कारें थीं। 6 लोगों की मौत हो गई। इलिनोइस पुलिस के मुताबिक, 30 से ज्यादा घायलों अस्पताल पहुंचाया गया है। घायलों में 2 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बवंडर के वक्त हवाएं 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं। टकराने के बाद कई गाड़ियां एक--दूसरे पर चढ़ गईं। सेंट लुइस से 75 मील (120 किलोमीटर) नॉर्थ में मोंटगोमरी काउंटी में यह हाईवे दोनों दिशाओं में बंद कर दिया गया था। जिसे मंगलवार दोपहर तक खोला जाएगा। सोमवार की सुबह 11 बजे इस हादसे के बारे में जानकारी सामने आई। सेंट लुइस मौसम विभाग के मुताबिक, ये धूल भरी आंधी हाल ही में जोते गए खेतों की मिट्टी और उत्तर-पश्चिमी तेज हवाओं के मिलने से बनी।

**लड़ाई जारी** — अब तक 3000 भारतीय निकाले गए, 186 लोगों के साथ कोच्चि पहुंचा वायुसेना का विमान

# सूडान में लड़ाई के बीच सेंट्रल बैंक में लगी आग

**एजेंसी। खार्तूम**

सूडान में सेना और पैरा मिलिट्री फोर्स में हो रही लड़ाई की चपेट में वहां का सेंट्रल बैंक भी आ गया है। रविवार को खार्तूम में लड़ाई एकदम से तेज गई थी, जिसकी वजह से सेंट्रल बैंक में आग लग गई। सीजफायर के बीच हो रही लड़ाई का दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं, भारत ने सूडान से अपने 3,000 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें से 2,300 को भारत भी लाया जा चुका है। ये काम ऑपरेशन कावेरी के तहत जारी है। वहीं, 186 भारतीयों को लेकर वायुसेना का विमान कोच्चि पहुंचा है। इसके अलावा, 122 लोगों को पोर्ट सूडान से वायु सेना के विमान उ-130ख के जरिए सऊदी अरब के जेद्दाह पहुंचाया जा रहा है। जहां से उन्हें भारत लाया जाएगा। पिछले हफ्ते विदेश मंत्रालय ने बताया था कि सूडान में भारत के 3,500 लोग फंसे हैं। सूडान में सीज फायर के बावजूद सेना और फऋ के हमले जारी हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक लोग सूडान सिर्फ लड़ाई की वजह से ही नहीं बल्कि सड़कों और घरों में घुस कर की जा रही लूटपाट की घटनाओं की वजह से भी छोड़ रहे हैं। इन सब के बीच भारत का ऑपरेशन कावेरी जारी है। इसके तहत रविवार को दो चरणों में 269 लोगों के समूह को सुरक्षित भारत लाया गया था। इन सभी लोगों को बेंगलुरु और दिल्ली छोड़ा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक अभी तक भारतीयों के 16 बैच को सूडान से सऊदी अरब के जेद्दाह पहुंचाया जा चुका है और 7 बैच में लोगों को भारत लाया जा चुका है। इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक लगभग सभी देश पोर्ट सूडान के रास्ते अपने लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। ऐसे में वहां पर लोगों की भारी भीड़ जमा होने लगी है। पासपोर्ट चेक करवाने के लिए लंबी लाइनें हैं। रात-रात भर जंगी जहाज लोगों को निकाल रहे हैं। पोर्ट पर मौजूद एक पाकिस्तानी जो चीन के जंगी जहाज से वतन लौटने वाला है उसने बताया कि वो पोर्ट सूडान पहुंच कर खुश है, लेकिन इस बुरे इतिहास का हिस्सा बनने का उसे उम्र भर अफसोस रहेगा।



## पेज एक के शेष

### 25 हजार शिक्षकों ...

और 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आईआईएम से सीबीएसई कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है। मंगलवार को वह ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर, धुर्वा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के राज्यस्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हमारी सरकार निरंतर राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**शिक्षा के माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विशेष रूप से शिक्षा की दिशा में सरकार ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है और यह कदम सरकार की पंचायत तक जाएगी। इसमें सबसे अहम भूमिका शिक्षा विभाग और शिक्षकों का होगा। हम राज्य के गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और मजदूर के बच्चों को कैसे बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा सकें, वर्षों से चली आ रही पिछड़ेपन की समस्या को कैसे खत्म करें, इस निमित्त लगातार मंथन करते आ रहे हैं। शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है, जिसके माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। झारखण्ड में शिक्षा की बेहतरी के लिए ऐसे कार्य सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए था, जो बहुत विलंब से शुरू हो रहा है। आज हम मात्र 4 से 5 हजार स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय में तब्दील करने की बात करते हैं, जबकि झारखंड में 35 हजार से अधिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में जिस तरह से वर्षों से पढ़ाई की स्थिति बनी रही, अब उसे बदलने का कार्य हो रहा है।

**बच्चों के पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसका हो रहा है प्रयास**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर पठन-पाठन कार्य शुरू हो रहा है, लेकिन अभी कई मंजिल पार करनी है। हम गरीबों को बेहतर शिक्षा देने की बात करते हैं। आदिवासी, दलित, पिछड़ों को अच्छी शिक्षा देने की बात करते हैं लेकिन जो दो कमरों में शिक्षा देने की व्यवस्था पूर्व से चली आ रही है, वह कहीं न कहीं मजाक उड़ाने जैसा है। आज उससे अलग हटकर सरकार ने बेहतर शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालयों को निजी स्कूलों के तर्ज पर विकसित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार कार्य कर रही है। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। बच्चे ड्रॉपआउट न हों, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का संचालन किया जा रहा है, इसके साथ-साथ एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन शिक्षा योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर हमारी सरकार आयी है। बच्चों को पैसे को लेकर शिक्षा में दिक्कत ना पहुंचे, इसलिए यह योजनाएं सरकार लेकर आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल से निकलने के बाद इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, जज बनने की इच्छा रखने वाले बच्चों का सरकार सभी खर्च उठाएगी। आप पढ़ाई नहीं छोड़े। सरकार आपको सभी व्यवस्थाएं दे रही है। राज्य के बच्चे-बच्चियों को प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए भी सहायता राशि हमारी सरकार देगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन तथा वेबसाइट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन एवं इन विद्यालयों में नामांकन की औपचारिक घोषणा की। मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर को सीबीएसई से संबद्धता संबंधित प्रमाण पत्र विद्यालय प्रधान को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सरायकेला, दुमका, लोहरदगा, गिरिडीह एवं पूर्वी सिंहभूम जिलों में आज शुभारंभ हुए उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों के साथ ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद भी हुआ। इस अवसर पर उक्त जिलों के उपायुक्त भी ऑनलाइन उपस्थित थे।

### कोयला तस्करी रोकने के...

एसटी एससी एक्ट के तहत दर्ज कांडों की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीजीपी ने सभी जिलों में न्यायालयों, न्यायिक पदाधिकारियों, जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की भी समीक्षा की। उन्होंने जरूरत पड़ने पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश जिलों के एसपी को दिया। राज्य के सभी जिलों के एसपी को जिला के न्यायालयों में अविलंब सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल करने को कहा गया है। बैठक में डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आइजी अभियान अमोल वी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, सीआईडी डीआईजी डॉ तमिलवानन, सीआईडी एसपी कार्तिक एस, रांची एसएसपी किशोर कौशल उपस्थित थे।

### वैभव मणि त्रिपाठी से ...

पूर्व की थी, ऐसे में वह उन सवालों का जवाब नहीं दे पाए। वहीं वैभव मणि ने विवादित जमीनों के रजिस्ट्री के बारे में ईडी को बताया कि अंचल से आए रिपोर्ट के आधार पर ही जमीन की रजिस्ट्री होती है। ऐसे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है। वैभव मणि त्रिपाठी ने इस बात से इंकार किया कि उन्हें कोलकाता से पेपर बनाए जाने की जानकारी थी। उन्होंने बताया कि ऐसे किसी गिरोह के बारे में वह नहीं जानते थे। सब रजिस्ट्रार के तौर पर अपने सिमित अधिकारों की बात वैभव मणि त्रिपाठी ने की। हालांकि ईडी के कई सवालों का वह स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

### कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा...

बिक्री फर्जी दस्तावेज के माध्यम से की गयी है। इसके लिए कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। इसी फर्जी मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज के आधार पर दोनों जमीन की बिक्री की गयी है। सेना के कब्जे वाली जमीन जगत बंधु टी स्टेट और चेशायर होम रोड की जमीन विष्णु अग्रवाल ने खरीदी है। जगत बंधु टी स्टेट का संबंध व्यापारी अमित अग्रवाल से है जबकि चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पायी गयी थी। विष्णु अग्रवाल द्वारा जमीन के बदले किये गये भुगतान में से पुनीत भार्गव ने प्रेम प्रकाश के खाते में 1.50 करोड़ रुपये ट्रांसफर किया था। रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में ईडी आगे बढ़ी तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में फजीर्वाड़ा सामने आया है।




## कर्नाटक में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हुआ

# नफरती संगठनों पर कार्रवाई का वादा



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही कांग्रेस ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया और नफरत फैलाने वाले संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का वादा किया। भाजपा द्वारा अपने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) का वादा करने के एक दिन बाद, कांग्रेस ने नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों, संगठनों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया। पार्टी द्वारा किए गए कई वादों से विवाद खड़ा होने की संभावना है।

घोषणापत्र में कहा गया, हम मानते हैं कि कानून और संविधान पवित्र हैं और बजरंग दल, पीएफआई जैसे व्यक्तियों और संगठनों द्वारा या बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक समुदायों के बीच शत्रुता या घृणा को बढ़ावा देने वाले अन्य लोगों द्वारा इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। हम ऐसे किसी भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई करेंगे। एक प्रमुख कदम में, पार्टी ने एससी/ एसटी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक/ और लिंगायत और वोक्कालिगा जैसे अन्य समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए अधिकतम सीमा और आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का वादा किया है। पार्टी ने अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य के लिए 10,000 करोड़ रुपये के फंड आवंटित करने का भी वादा किया है। यह सत्ता में आने के एक साल के भीतर भाजपा सरकार द्वारा पारित सभी अन्यायपूर्ण कानूनों और अन्य जनविरोधी कानूनों को रद्द करने का भी वादा करता है। घोषणापत्र में कहा गया है कि सरकार एनईपी को खारिज कर देगी और राज्य शिक्षा नीति बनाएगी।

घोषणापत्र में कश्मीरी पंडितों की सहायता के लिए एक कार्यक्रम, कश्मीरी संस्कृति को शुरू करने के लिए 15 करोड़ रुपये आवंटित करने, 25 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान और कन्नड़ और संस्कृति विभाग से 1 करोड़ रुपये का वार्षिक अनुदान देने की घोषणा की गई। इसमें कहा गया है, भाजपा ने कर्नाटक की महान आत्माओं का अपमान कर पाठ्यपुस्तकों को विकृत किया है। छात्रों को विकसित और पूर्ण बनाने के लिए कांग्रेस पाठ्यपुस्तकों में भारत और कर्नाटक के सच्चे मूल्यों और वैज्ञानिक सोच को पुर्नस्थापित करेगी। पार्टी ने डॉक्टरों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम को डीफिब्रिलेटर (एईडी) खरीदने के लिए सब्सिडी देने के लिए पुनीत राजकुमार हृदय स्वास्थ्य योजना शुरू करने का वादा किया।

घोषणापत्र में अगले पांच वर्षों (2023-2028) में सिंचाई के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। इसमें 9,000 करोड़ रुपये की लागत से मेकेदातु परियोजना और 3,000 करोड़ रुपये की लागत से महादयी जैसी नई परियोजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

## क्या दर्दरहित मौत की सजा दी जा सकती है?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा वह कम मौत की सजा के लिए कम दर्दनाक तरीका खोजने के लिए एक्सपर्ट कमेटी नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा।सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से एजी आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह इस बात की जांच करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने पर विचार कर रहा है कि कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार फांसी की सजा पाने वाले सजायाफ्ता कैदियों को फांसी देने का कम दर्दनाक तरीका खोजा जा सकता है या नहीं। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले पर जुलाई में सुनवाई करेंगे। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया था कि वो इस मामले को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से डेटा मांगा था और पूछा था कि फांसी देने से कितना दर्द होता है? आधुनिक साइंस और तकनीक का फांसी की सजा पर क्या विचार है? क्या देश या विदेश में मौत की सजा के विकल्प का कोई डेटा है? सुनवाई के दौरान सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता और एजी वेंकटरमनी से कहा था कि हां, यह चिंतन का विषय है। हमें अपने हाथों में कुछ वैज्ञानिक डेटा चाहिए।




एक पेड़ पर अपने नवजात बच्चे को दाना चुगाता एक तोता। (फोटोः आईएएनएस)

# ईडी की चार्जशीट में राघव चड्ढा और संजय सिंह का भी नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में अपने तीसरे पूरक आरोप पत्र में आप नेताओं संजय सिंह और राघव चड्ढा के नामों का जिक्र किया है। दोनों नेता राज्यसभा सदस्य हैं। चार्जशीट में सिर्फ उनके नाम का जिक्र है, उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर नहीं दिखाया गया है। पूरक आरोप पत्र हाल ही में राउज एवेन्यू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर की गई थी। चार्जशीट के मुताबिक, चड्ढा उस बैठक का हिस्सा थे जो दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर शराब नीति मामले में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि ईडी एक आरोपी व्यवसायी दिनेश अरोड़ा का बयान दर्ज कर रहा था, जो बाद में दिल्ली शराब नीति में एक सरकारी गवाह बन गया, जब नाम सामने आए। ईडी ने दिनेश अरोड़ा के हवाले से उल्लेख किया, वह शुरू में संजय सिंह से मिले, जिसके माध्यम से वह मनीष सिसोदिया के संपर्क में उनके ही रेस्तरां, अनप्लग्ड कोर्टयार्ड में एक पार्टी के दौरान आए।

**दिल्ली की शराब नीति**



### 192 करोड़ का है दिल्ली आबकारी नीति घोटाला : ईडी

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में अपने तीसरे पूरक आरोपपत्र में कहा है कि यह घोटाला 192.8 करोड़ रुपये का है। ईडी ने आरोपी अरुण पिल्लई का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उसने अवैध कमाई के सृजन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। आरोपपत्र में ईडी ने दावा कियाः इंडो स्पिरिट्स के गठन की साजिश में भाग लेना, थोक में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए नीति का मसौदा तैयार करना और रिश्वत की पूरी साजिश को अंजाम देना-अरुण पिल्लई ने इन सबमें सक्रिय रूप से भाग लिया।

### तिहाड़ में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की मंगलवार सुबह करीब छह बजे चार कैदियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। ये कैदी जितेंद्र गोगी गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। तिहाड़ जेल अथॉरिटी ने बताया कि टिल्लू ताजपुरिया को हाई रिस्क वार्ड के ग्राउंड फ्लोर में रखा गया था। उस पर चार कैदियों दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान ने हमला किया, जो उसी वार्ड की पहली मंजिल वाली जेल में बंद थे। हमला सुबह करीब 6:15 बजे हुआ। आरोपियों ने टिल्लू पर लोहे की ग्रिल से बने धारदार हथियार से हमला किया। सेंट्रल जेल की ओपीडी में सुबह करीब 6:45 बजे आवश्यक चिकित्सा देने के बाद टिल्लू को तुरंत डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।

### बिहार : राजद नेता को गोली मारी, ग्रामीणों ने आरोपी को मार डाला

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के बीरपुर थाना क्षेत्र में राजद नेता को गोली मारकर भाग रहे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर शाम गेनहर पंचायत के सरपंच के पति और राजद के नेता सुखराम महतो को गांव में ही तीन बदमाशों ने गोली मार दी। बताया जाता है कि इस घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी भाग रहे थे कि ग्रामीणों ने इनमे से एक बदमाश को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर स्थानीय अस्पताल ले गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कोई भी ब्राह्मण भारत का नहीं, रूस से आए हैं सभी : यदुवंश कुमार यादव

**एजेंसी। पटना**

आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव ने ब्राह्मणों को लेकर एक विवादित बयान दिया है। यदुवंश यादव ने बिहार के सुपौल में एक कार्यक्रम में दौरान कहाः एक भी ब्राह्मण भारत देश के नहीं हैं, इनके डीएनए की जांच से ये पता चला है। सभी रूस और अन्य देशों से आए हैं। इन्हें उस समय वहां से भगाया गया और इसके बाद ये सभी भारत आए हैं। डीएनए परीक्षण से पता चलता है कि कोई भी ब्राह्मण इस देश का नहीं है और रूस से है और अब यहां बस गए हैं। ब्राह्मण हमें विभाजित करने और शासन करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उन्हें यहां से भगा देना चाहिए।

यदुवंश कुमार यादव ने अपने पूरे संबोधन में कहा था कि ब्राह्मणों के द्वारा ही हम सभी को बांटने और आपस में झगड़ा लड़ाने का काम किया जा रहा है। ये लोग हम सभी के बीच फूट डालने का काम करते हैं। अब इन्हें हमें भी यहां से भगाना होगा। इस बयान पर बीजेपी के विधायक और पूर्व मंत्री नीरज बबलू ने कहा कि आरजेडी के नेताओ को अपने सलाहकार मनोज झा से पूछना चाहिए कि वो कहां से आए हैं? मनोज झा और संजय झा ही इसे ठीक से उन लोगों को बता सकते हैं। मुझे लगता है कि राजद नेता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

## आईएफएफ संविधान को अंतिम रूप देने के लिए की शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश की नियुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एल. नागेश्वर राव को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने, हितधारकों से आपत्तियों और सुझावों की जांच करने और 31 जुलाई तक एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम संभालने के लिए नियुक्त किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी, पारदीवाला ने कहाः हमारा मानना है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संबंध में इस अदालत के आदेश के तहत न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा इसी तरह की कवायद की गई थी। इस न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को संविधान को अंतिम रूप देने का कार्य सौंपना उचित होगा। यहां उठाई गई कई आपत्तियों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के लिए आईओए में हुई कार्यवाही में काफी हद तक ओवरलैप मिलेगा। इन परिस्थितियों में, हम जस्टिस राव से अनुरोध करते हैं, कि वे प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा प्रस्तावित प्रारूप संविधान पर विचार करने का कार्य करें, जिसे एमिकस क्यूरी द्वारा प्रतिपादित किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने में न्यायमूर्ति राव से अनुरोध है कि वे सभी हितधारकों को सुनें और संविधान के मसौदे पर विचार करने और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की कवायद करें। मंगलवार को सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि चूंकि मामला न केवल कानूनी बिंदुओं से जुड़ा है, बल्कि खेल नीति से भी जुड़ा है, इसलिए यह विवेकपूर्ण होगा कि न्यायमूर्ति राव को एआईएफएफ संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने दिया जाए। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद शीर्ष अदालत एआईएफएफ के संविधान को अंतिम रूप देने का काम अपने हाथ में लेगी।




### 'जुबली' के लिए जीनत अमान से मिली प्रशंसा से खुश वामिका गब्बी



**एक्ट्रेस** वामिका गब्बी विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज 'जुबली' में दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान द्वारा नीलोफर के किरदार की तारीफ किए जाने से काफी खुश हैं। मेजबान जाकिर खान के साथ एक विशेष बातचीत के दौरान, जीनत अमान ने कहा कि वह 'जुबली' से नीलोफर का किरदार निभाना चाहती हैं। वामिका ने कहा, मुझे उनकी फिल्में और गाने याद है। वह उस समय की सबसे आत्मविश्वासी, प्रगतिशील और बेबाक अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह हमेशा बाकियों से अलग दिखती थी। उनमें आत्मविश्वास है और आज तक इच्छा को फिर से परिभाषित करती है।

### अगर पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी, फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी : शहनाज गिल



**अपनी** जिंदगी को लेकर एक्ट्रेस शहनाज गिल ने कहाः अगर पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी, फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी। पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी ना। मैं बहुत इमोशनल टाइप इंसान हूं। अगर मैं पॉजिटिव नहीं रही, तो मुझे लगता है कि मैं टूट सकती हूं। उन्होंने कहा, तो मुझे आपने आपको पॉजिटिवि रखना ही पड़ता है। जरूरी है लाइफ में। शहनाज, जिन्हें हाल ही में सलमान खान अभिनीत 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था, ने 'बिग बॉस' के 13वें सीजन के बाद सुर्खियां बटोरीं।

**चंद्र ग्रहण**

## बुद्ध पूर्णिमा 5 को चंद्रमा उपछाया ग्रहण के साये में

# दुनिया भर के 83 फीसदी लोग देख सकेंगे

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**

शुक्रवार 5 मई बुद्ध पूर्णिमा को चंद्रमा उपछाया ग्रहण के साये में होगा। इसमें चांदनी कुछ फीकी सी होगी। नेशनल अवार्ड प्राप्तव विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि शाम 8 बजकर 44 मिनिट से यह ग्रहण आरंभ होकर रात्रि 1 बजकर 1 मिनिट पर समाप्तन होगा। 4 घंटे 18 मिनिट अवधि के इस ग्रहण का मध्यरकाल रात 10 बजकर 52 मिनिट पर होगा। यह उपछाया ग्रहण एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिणी पश्चिमी यूरोप में दिखाई देगा। विश्वन की कुल आबादी का लगभग 83 प्रतिशत लोग इसका कुछ न कुछ भाग तथा लगभग 56 प्रतिशत लोग इस पूरे ग्रहण को देख सकेंगे। सारिका ने विद्या विज्ञान कार्यक्रम में बताया कि इस घटना के समय सूरज और चंद्रमा के बीच पृथ्वीद आ जायेगी। इससे पृथ्वी की छाया और उपछाया दोनो बनेगी। इस ग्रहण के समय चंद्रमा उपछाया वाले भाग से होकर निकलेगा जिससे ग्रहण के दौरान चंद्रमा की चमक फीकी पड़ जायेगी। बुद्ध पूर्णिमा के इस चंद्रमा को पश्चिमी देशों में वहां इस मौसम में प्रचुर मात्रा में खिलने वाले फूलों के कारण फ्लॉवर मून नाम दिया गया है ।नेटिव अमेरिकी इसे बडिंग मून, एग लेयिंग मून, प्लातटिंग मून नाम से भी पुकारते हैं। इस कारण यह फ्लॉवर मून पर लगने वाला ग्रहण? भी कहला रहा है। सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया पर बताया जा रहा है कि 130 सालों बाद बुद्ध पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण हो रहा है जबकि 26 मई 2021 को दिखा चंद्रग्रहण बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही था। इसके अलावा कुछ रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इस ग्रहण के समय चंद्रमा पास होगा जब कि 5 मई को चंद्रमा पृथ्वीच से लगभग 3 लाख 80 हजार किमी दूर रहेगा, यह कम नहीं मध्यसम दूरी है जबकि कम दूरी में सुपरमून के समय यह दूरी 3 लाख 60 हजार किमी के लगभग रह जाती है।



### जेईई मेन-2023 परिणाम : टॉप एक हजार में मोशन के 72 विद्यार्थी

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम-जेईई-मेन 2023 सेशन-2 का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया। इसमें जनरल और ओबीसी केटेगिरी के टॉप एक हजार में मोशन के 72 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग कैटेगरी के टॉप एक हजार में मोशन के दस विद्यार्थी हैं। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा, जेईई मेन 2023 के अंतिम परीक्षा परिणाम में मोशन के होनहारों ने फिर सफलता का परचम लहराया है। मोशनाइट्स ने एक बार फिर अपनी कड़ी मेहनत और लगन से साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी असंभव नहीं है। विद्यार्थियों ने निरंतर श्रेष्ठ परिणाम देते हुए संस्थान की शानदार शैक्षणिक पृष्ठभूमि को बनाए रखा है।

## 'द केरल स्टोरी': विवाद के बीच 32,000 लापता महिलाओं की बदलकर 3 की गई संख्या

**अपकमिंग** फिल्म 'द केरल स्टोरी' को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच फिल्म के निमार्ताओं ने मंगलवार को यूट्यूब पर जारी लेटेस्ट टीजर में फिल्म के इंट्रो के टेक्स्ट को बदल दिया। इससे पहले, इंट्रो में उल्लेख किया गया था कि लगभग 32,000 महिलाएं केरल से लापता हो गई हैं। अब बदले हुए इंट्रो में कहा गया है कि तीन महिलाएं, जिनका ब्रेनवॉश करने के बाद धर्म परिवर्तन किया गया और उन्हें भारत और विदेशों में आतंकी मिशन पर भेजा गया। अदा शर्मा अभिनीत फिल्म, जो 5 मई को रिलीज होने वाली है, ने एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया, जब यह दावा किया गया कि 32,000 महिलाओं ने राज्य छोड़ दिया है। जैसे ही फिल्म का टीजर जारी किया गया, सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम और यूडीएफ ने मांग की कि फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीसन ने कहा कि उनका रुख स्पष्ट है और स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति के नाम पर, वे किसी को भी अफवाह फैलाने की अनुमति नहीं देंगे और इससे उचित तरीके से निपटा जाएगा और वे पहले ही फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर चुके हैं।

